तिलक जंजू राखा प्रभुताका । कीनावड़ा कलूमें साका ॥ (दसमग्रन्थसाहिब)

दसमग्रन्थ साहिब

कर्णांकर पर्यों सम होई छभी अगतम देवी अर्थाई

आद ग्रंथसाहिब

भूले सिखे गुरु समझाए ।
औजड़ जांदे मारगपाए ॥

(पुस्तक)

"नवीनसिंह शिक्षा,,

जिसको

"गुरु विद्या रत्न सुखकाल उपदेशक
श्री भारतधर्म : मह मण्डल
रोपड़ निवासी ने रचना किया

जिसमें

गुरु ग्रंथ साहिबादि के ४०० प्रमाणों द्वारा
नवीन सिंहों की अनेक पुस्तकोंका उत्तर
है।

पुस्तक रचताने ॥ सनातन धर्म्मसभा रोपड़ और
सनातन धर्म्मसभा अमृतसर और सनातन धर्म्मसभा
रावलपिंडी की सहायता से प्रकाशित कराया । जिसमें
गुरमुखी पढ़े भाइयोंको भाषापढ़नेका आसान तरीका
रक्खा और अंतमें शास्त्रार्थ के नियम हैं ॥

"तंत्रप्रभाकर प्रेस" मुरादाबाद में मुद्रित ॥
सन् १९०५ ईसवी ॥

तृतीयबार १००० मूल्य ।-)

व्यवहार भानू ग्रंथ देखो जिस में दो हजार गुरु मत धर्म ग्रंथों के प्रमाण देकर पच्चीस विषयों से हिन्दू धर्म के अनुकूल गुरुमत को सिद्ध कियाहै इस के सवाए मेरेरचे और ग्रंथों का सूचीपत्र इस पुस्तकके अंतमें देखो ॥

[४] इस पुस्तक 'नवीन सिंहासिक्षा, से नवीन सिंहों को शिक्षा तो पूर्ण रीति से होगी। गुरुमत में और जो मत खद्योत [पटबीजने] की सदृश निकले हैं यदि वह हठधर्मी का परित्याग करें तो उन के सुधारने के लियेभी यही पुस्तक काफी है ॥

[द्वितियावार छपनेपर विज्ञापन]

[१] इस पुस्तक का कोई ४ वर्ष में उत्तर नहीं देसका इसकार्ण इस पुस्तक 'नवीन सिंह-शिक्षा " का पंजाब प्रांत में गौरब बढ़ा ॥

[२] हमारे भाई नवीन सिंहों नै सिर्फ उपालंभ दिया (उपड़े हथ न थूकौड़ी) कि पंडित जीनै ग्रंथसाहिब की थोड़ी २ अपने मतलब कीं तुकें दी हैं ॥

(उपालंभीओं से निवेदन)

[३] भाईसाहिब आप जरा तो विचारें ग्रंथ-साहिव के समग्रशब्द लिखने से पुस्तक बढ़

जाती है और अपने विद्वान ठाकुरसिंह और दितासिंह ज्ञानी आदियों की पुस्तकें देखो जिन में ग्रंथसाहिबकी थोड़ी२तुकें दीहैं और पता नहीं दिया जिस्से उनका कोई पोप न खोखसके मित्रो हमनै पुरेपते से तुकें लिखी हैं जिस्से किसी को धोखा न लगे और पुस्तकभी न बड़े ॥

[४] दास अपने गुरूका पर्म धन्यबादकरता है जिनकी कृपा से ग्रंथसाहिब और गुरुमत का सिधान्त समझ अनेक झूठे पाखंडीओं के जाल को नष्ट किया ॥

नवीन सिंहशिक्षाकी भूमिका ॥

मित्रों ! लगभग चारसौ तेतीस ४३३ वर्ष हुए-गुरु सम्प्रदाय चले को (हिन्दू धर्म में प्रसिद्ध हुए को) और दसों गुरु साहिबों के आचरण (चाल चलन) और व्यवहारिक कार्यों में गुरुमत इतिहासों द्वारा गुरुसाहिब हिन्दू धर्मावलंबी साबित होते हैं। यहांतक कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने हिन्दू धर्मकी रक्षाके लिये दिल्ली (इन्द्रप्रस्थ) में बलिदान (शहीद यानी कुरबानी) हुए जो भूगोल में दिवाकर की न्याईं प्रकट हैं गुरु मत वलंबी चतुर्वर्णस्थ पुरुष (ब्राह्मण खत्री सूद्र बैस उपदेश चहुँ वर्णों को साझा । आद ग्रन्थ साहिब) खासकर गुरु मतावलंबी सर्वत्र लोग (गरीब, अमीर, सरदार, राजे महाराजे) हिन्दू धर्मके सिद्धान्त अनुकूल आचरण धारण कियाकरते हैं ॥ ॥ यथा ॥ श्री महाराजा साहिब रणजीतसिंह साहिब बहादुरजी नित्यम प्रति श्री गंगाजल से स्नान किया करते थे जो हमेशः उनकी श्री गंगाजी तक डांक लगी हुईथी और महाराजाके अनेक मन्दिर ठाकुरद्वारे आदिक बनवाए हुए मौजूद हैं। और उक्त महाराजा के परलोक पधारनेपरफूल (अस्थि) श्री गंगाजी जाते सामय सर्वत्र सिंह राजधानीओं में घूमते हुए जब पटियाला पहुँचे तो नरेश कर्मसिंह— अहलकारों के साथ पेशवाई को पटियाला से दो मील बाहर

तक आए ॥ उस समय धर्म के दुर्भाग्य समझ यह पुकार कबि जैसिंह जी ने उच्चारण किया ॥

किनो है ध्यान प्रलोकहुं को महाराजा भूमि के पलके आपही बलने हैं ॥ काकी गहो ओट कौन सत्र की बचावे चोट गऊ ग्रन्थ पन्थ वेद बिप्र बलकाने हैं ॥ केहर जैकरे श्री सुख संप्रदा असुर बीरते सरपन देह घुंघपी धरानेहैं । भाहे मरदाने जगजाने रनजीतसिंह एकमरद काने बिन सभी तीन कानेहैं ॥

इसी प्रकार गुरु मतावलंबी सरदार राजे आदिक सर्वत्र का आचारण हिन्दू धर्मके अनुकूल श्री भाई गुरदास जी के कथन अनुसार अपना कल्याण का वसीला हिन्दू धर्म को मानते थे ॥ ॥ यथा ॥

लोकाचारी लोक बिच बेद विचारी कर्म करन्दा ।
सावधान गुरज्ञान बिच जीवन मुक्त जगतवचरन्दा ॥
(श्री भाई गुरदास जी की बार १६ पौडी ३)

श्री अमृतसर निवासी सज्जनों की प्रेरणासे मैंने छोटासा पुस्तक श्री गुर घर में दुर्गापूजन गुरुमुखी अक्षर सम्बत् १९५६ विक्रम में प्रकाशित कियाथा जो सनातनधर्म क्लब श्री अमृत सर ने उक्त पुस्तक को श्रेष्ठ समझ धर्मार्थ बांटा । जिसपर नूतन गुरु मतावलंबीओंने समाचार पत्रों में उत्तर देने के लिये प्रतिज्ञा प्रकाशित की जो अबतक सत्य नहीं होसकी इस्से भी नवीनसिंहों को शिक्षा प्राप्तहो निग्रह कोटि में गिरे ॥ और मेरे

कई शास्त्रार्थ तकरीरी और तहरीरी मध्यस्थों द्वारा हुए इस में भी नवीन सिंहों को नीचा देखनापड़ा। सिवाय कटु वचन कहने से और कुछ न बनसका हम ने समझ लिया " निंदक हमरे कपड़े धोई ,, आद ग्रन्थसाहिब ॥ " मुहों की बोलन बोली थे ॥ जितसनघरे प्यार ॥ जपजी, इस वास्ते हम उनको कटु वचन नहीं कहसकते। और यही हिन्दूओं की बड़ीसभा श्री भारतधर्म महामण्डल का मन्तव्य नम्बर १२ में उपदेश से है ॥ ॥ यथा ॥

पंजाब में श्रीमान् गुरु नानक देवजी से श्री गुरु गोविंद-सिंह जी महाराज तक जिन दस महात्माओंने खत्री कुल में उत्पन्नहोकर आपत् काल में श्री राम नाम महिमा, देव पूजा, व्रत, तीर्थ, श्राद्ध, अपने वर्ण में बिवाह आदि सनातन धर्म के अङ्गों की बीरता के साथ रक्षाकी है। यदि उनको और उनकी सम्प्रदाय को कोई सनातन धर्म्मावलंबी हिन्दूओं से पृथक् समझता है तो उसकी बड़ी भूल है ॥

इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) उत्सव १२ श्री भारतधर्म महामण्डल सन् १९०० ई० में रजूलैशन (मन्तव्य) नम्बर १२ ॥

उक्त रजूलेशनको श्री गुरु मत धर्म्म ग्रन्थों से पुष्ट करने के लिये और अपने प्यारे भाइयोंकी इच्छा पूर्ण करने को जिन के प्रार्थनापत्र मेरेपास बहुत आए हैं कि हिन्दू धर्म के सिद्धांतों को गुरु मत के धर्म्म ग्रन्थों से मण्डनकर भाषा में पुस्तक

सूक्ष्म आकार रचनाकी जावे जिससे नवीन सिंहों को शिक्षा प्राप्तहोकर गुरु रक्षिक सनातन हिन्दू धर्मकी रक्षाहो। इसकारण नवीन सिंह शिक्षा नामक पुस्तक रचनाकी है जिस में ११ अध्याय और ११ विषय हैं॥

अध्याय १ में गुरुमत हिंदू धर्म्म है जो सिंह अपने आप को हिन्दुओं से भिन्न समझते हैं उनकी बड़ी भूल है। जिस भूल को—गुरु ग्रन्थसाहिब और इतिहासों के प्रमाण और युक्ति द्वारा साबित किया है।

अध्याय २ में गुरुसाहिब जनेउ पैहरना धर्म्म समझते थे और अपने सीस देकर जनेऊ की रक्षाकी यह साबत कियाहै।

अध्याय ३ मे श्री गुरु मत के धर्म्म ग्रंथ वेद शास्त्र पुराणों को पाप विनाशक धर्म्म ग्रंथ जान कल्याण का वसीला समझते हैं और गुरु साहिबों को वेद के प्रतापसे गुरुयाई प्राप्त हुई यह साबित किया है॥

अध्याय ४ में श्री गुरु मत में सर्वत्र हिन्दू रीति से विवाह हुए जो "स्थाली पुलाक न्याय" की रीति से उपकर्म्म श्री गुरु नानक जी का बिवाह और उपमध्य श्री गुरु हरि गोबिंद जी के दो बिवाह और श्री गुरु तेगबहादुरजी का एक विवाह और उपसहार श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के दो विवाह और शंका समाधान से गुरु मत में दो कन्या के विवाह हिंदू की रीति से ८ विवाह साबित किये हैं। अन्त में हिंदू गीत के

अनुसार विवाह करने में श्री गुरु ग्रन्थ साहिबजी का हुक्म दिखलाया है ॥

अध्याय ५ में श्री गुरु मत में सर्वत्र का जोती जोत समावन मृत्युपर श्राद्ध हिन्दू रीति से हुए जो स्थाला पुलाकन्यायसे ६ परमाण दिखलाये हैं। यथा श्रीगुरु नानकदेवजीने पिता का श्राद्ध करना और गुरु अमरदासजी ने अपनी जोती जोत समावन मृत्यु के पश्चात् अस्थि (हड्डी) श्री गंगाजी और पिंडदान के लिये हुक्म देना॥ गुरु ५ ने अपने पिता का दाहादि कर्म हिन्दू रीति से करना और गुरु ४ के ज्येष्ठ पुत्रकी जोती जोत समावन (मृत्युपर) गरुणपुराणकी कथा होनी और श्री गुरु हरगोविन्दजी की जोती जोत समावन (मृत्युपर) १३ तेरहवेंदिन—शय्या वस्त्र शस्त्र असवारी भोजनादि दान होना। श्रीगुरु तेगबहादुरजी का मृतक कर्म हिन्दू रीति से श्री गुरु गोविन्द सिंह जी ने करना॥ और वाणीसद से गुरु ३ का हुकम मृतक श्राद्धके लिये साबित कर दूसरे के कर्म्मों का फल दूसरे को पहुंचता है श्री गुरु ग्रंथ साहिबजी के वाक्य ६ प्रमाण में दिखलाये हैं जो श्राद्ध में प्रधान अंश है।

अध्याय ६ में गुरु मत धर्म ग्रंथ गंगादि तीर्थों के स्नान से पाप दूर हो सद्गति मानते हैं।

अध्याय ७ में गुरु मत धर्म्म ग्रंथों से ब्राह्मणों की स्तुति और रक्षा करना और दान देना गुरु के सिंहों को दान लेने का

पाप दिखलाया है और जो ब्राह्मणों पर गुरु पुत्र मरवाने का उपालंभ दिया करते हैं उसका समाधान कर.महाराजा हरीचंद दानी की कीर्ति ग्रंथ साहिब जी से दिखाकर श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का हुकुम ब्राह्मणों को दान देने का साबित किया है।

अध्याय ८ में गुरु मतके धर्म्म ग्रंथों के प्रमाणों से ईश्वर (अकालपुरुष) का नरसिंह बामन राम और कृष्ण अवतार साबितकर श्री दुर्गाजी के निरकों के सिर श्रीगुरु गोविंद सिंह जी का श्री मुख अकाल स्तुत रूप बानी से श्री दुर्गा जी की मानता का मुख मर्दन वज्र जिसका नवीनसिंह कुछ उत्तर नहीं रखते। और गुरु मत के धर्म्म ग्रंथों के प्रमाणों द्वारा मूर्ति में ईश्वर की पूजा करने से सद्गति और मूर्ति पूजन का माहात्म्य साबित किया है।

अध्याय ९ में श्री गुरु नानकदेवजीसे लेकर श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक दसों गुरु साहिबों का सूक्ष्म जीवन चरित्र और उनको श्रीमुख बाणी और ग्रंथ साहबजी के शब्दों से ॥ मनो मई सिद्धान्त और श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भेद और समझने की विधि जो ग्रंथ साहिब के जानने में गुरु मतावलम्बियों के सदृश दो घंटे में होसकता है। और सूचना से नवीन सिंहों को शिक्षा कि गुरु ग्रंथ साहबजी को परस्पर विरोध के कारण जगत में झूठा होने से बचें।

अध्यायं १० में पुस्तक रचताका देसारटन और प्रशंसा पत्र।

अध्याये ११ में नवीन सिक्खों की दुरदशा और श्री आर्य के १० नियम हैं॥

मित्रो! प्रेम प्रीतिसे पठन पाठन और श्रवण कीजिये मेरा परिश्रम सफल हो। और सद्दैन के लिये प्रीति बढे॥ इति॥

संवत् १९५८ विक्रम
पौष गत १३

ह० गुरु विद्या रत्न
सुखलाल उपदेशक
श्री भारतधर्म्म महामण्डल
रोपड़ तहशील खास
जिला अम्बाला निवासी
पृथीचन्द का सुत

नवीन सिंहशिक्षा

अबपन उलट सनातन हुआ ॥

" सच्चे मारग चलिदिआ उस्तुति करे जहांन ,,

" गुरसिखमीत चलो गुरचाली ,,

॥ अध्याये १ ॥

(गुरुमत हिन्दूधर्मही है)

(१) हिन्दूकहेंता मारिये मुसलमानबीना पंचतत्वका पूतला खेलै गैबी १ माहि ॥

(श्री गुरु नानक देव जी का जन्म इतिहास)

[नोट]-श्री गुरु नानकदेवजी यवन (मुसलमानी) देश में गए जहां हिन्दूओंको काफिर जान मारदेते थे ॥ वहां मुसलमानों के पुछनेपर गुरुसाहिब हिन्दूधर्मसेमुन्किर नहीं हुए ॥

(२) सुन्नत किये तुर्क जे होएगा औरत का क्य करिये अर्द्धशरिरी नारन छोडी तातें हिन्दू रहिये ॥

(टिप्पणी) १ छिपा हुआ पांच कोशों मे जीव ॥

[श्री गुरु आदग्रंथ साहिब राग आसा बाणी श्री कबीर भगत शब्द ८ तुक १

[नोट] श्री गुरु ग्रंथसाहिब जी उक्त शब्द से उपदेश करता है जो पुरुष सुन्नत [मुसलमानी चिह्न लिंग कटाने] से रहित हैं वोह हिन्दूही हैं सो सिक्खों गुरु मतावलंबी नवीन सिंह आदिक ग्रंथसाहिब जीके माननेवाले हिंदू ही सिद्ध होते हैं जो गुरुसाहिबजीने हिन्दूधर्म रक्षा के लिये उतपन्न किये थे अपने आप को हमेशहसे हिन्दूधर्म के रक्षक मानते हैं ॥

[३] हिन्दू सालाहि[1] हिं सालाहिन दर्शन[2] रूपअपार ॥ तीर्थन्हावे आर्चा पूजा अगर[3] वास बहुकार ॥ [श्री गुरु आद ग्रंथसाहब राग आसाकी वार महल्ला १ श्लोक ६]

[नोट] जो अर्थ सिरफ ईश्वर म्राप्ती का लगाते हैं सो धोखा देते हैं क्योंकि उक्त शब्दमें "तीर्थन्हावे आदि

(टिप्पणी) (१) श्लाघा करने योग्य ॥ (२) ईश्वर अवतारों के अनेक दर्शन (३) यज्ञोपवीतादि । और धूप जगाना अर्थ भी ज्ञानी लोग हिन्दू धर्म्म का मुख्यकर्म वतलाते हैं ॥

पाठ हिन्दूओं काही सिद्धान्त है उक्त ग्रंथका प्रमाण देकर एक नवीन सिंहों के समाचार पत्र का सम्पादक [ऐडिटर] साबितकरता है कि सिंह हिंदूही हैं ॥ यथा ॥ देखो साप्ताहिक गुरुमुखी अखबार॥ खालसा प्रकाश ज़मीमा आफताब पंजाब लाहोर नंबर ३७ जिल्द १६ असौज दिन १७ सं० १९५५ वि० मो छपा सुफा १ कालम १ से ३ तक ॥ " श्री गुरु ग्रंथसाहिब जीके उपदेश " इसमुखी से लेख यह है ॥

साडे खालसाजीदा धर्म पुस्तक श्री गुरु ग्रंथसाहिबजी है ॥ अर जो इस विच हुक्म हैं सो गुरूसाहिब का हुकम है ॥ यथा ॥

हिन्दूसाकाही सालाहिन दर्शनरूप अपार। तीर्थन्हावै आरचा पूजा अगर बास बहुकार ॥

इस थीं साबित हुंदा है कि श्री गुरुनानक साहिब जी ने हिन्दू आदी आसादी वारविच बहुत अस्तुत्ति लिखीहै॥ हिंदू जो हैन सलाहिन जोग हैंन अर हिंदू आंदादर्शन रूप अपार है क्योंकि इनादे कर्म जो हैन सो बहुत अच्छे हैन तीर्थोंविखे जाकर स्नानकरदे हैंन अर पूजा पाठ इनादा

कर्म है ॥ अर धूपदीप जगाओ देहैं ॥ इस थी साबतहुंदाहै कि खालसा जी अर हिंदूआंदे कर्मकांड दीबाबत श्रीगुर ग्रन्थजीदी पवित्रबाणी विच जदगुरु साहिब अपणे मुखार- बिंद थीं अस्तुति करगएहैंन अर उसग्रथसाहिब नूं साडे महाराज कलगीधर [पातसाह १०] हुकमदे गएहन कि ग्रन्थसाहिब नूंही गुरुमंनों ॥ फिर की कार्ण है कि हिंदूआंनू असी अरगैर्थी जुदाजांदीए कृपाकरके ओह भाई सानूं लिख के दसणगे कि सिंहांहिंदू आंनालों किसतरां जुदे है जो लिख देहन कि खालसा धर्म हिंदूआं नालों भिन्न हैं ॥

(४) सगल जगत महि खालसा पन्थ गाजे । जगे धर्म हिन्दू सकल दुंद[१] भाजे (छक्के[२] श्रीमुख पातसाही १०)

[नोट] श्री गुरू गोविंदसिंह जी महाराज संवत् १७५६ वि० चैत्र के नवरात्रों में श्री दुर्गा जी की प्रसन्नता हेतु अनेकों पुरश्चरण (श्री दुर्गा पूजन के छिले) कर अन

(टिप्पणी) (१) अधर्म्म और पाखण्ड । (२) जिसका धर्म्म पवित्र हुकम मान खालसाजी नीले वस्त्र पैहरने है ॥ देखो छका छन्द ६ कोरो खालसा पंथ प्रवेसाजगै सिंह जोवे धरे नील भेरा ॥ आद ग्रंथ साहिब में नलिवस्त्र का खंडन है ॥

में छके (श्री दुर्गा स्तुति के छः छन्द) उच्चारण कर हिन्दू धर्म की रक्षाका वर पाया।

जिन छकों की पुस्तक के प्रमाणों को नवीन सिंहों के लीडर ठाकुरसिंह ज्ञानी अपने गुटके (रिसाले) गुरमुखी गुरमत हुलास सं० नानकसाही ४२९ (१९५५ वि०) वजीर हिन्द प्रेस श्री अमृतसर छपे के पृष्ठ ४ सतर ११ और १२ में प्रमाण मानता है।

(५) जगे सिंह बलवन्त वीर सभ दुष्ट खपाए। दीन महंदी उठगया हिन्दूक ठहराए। श्री भाई गुरदास जी की वारों में एक होर नकली भाई गुरदास जी की वार ४१ पौडी १७॥

। नोट। यह वोह वार है जिस्से खालसा धर्म में पाहुल (कछ१ कडा२ करद३ कंघा४ केश५) इन पाचों का धारना साबित होता है। यथा—गुरु सिमर मनाई कालका खण्डे की वेला। पिवो पाहुल खण्ड धार होए जन्म सुहेला॥ उक्त वार ४१ पौडी १॥ अगर सिंह अपने आपको कालिका (श्री दुर्गाजी) के मानने से और हिन्दू धर्मकी रक्षा करना अपना धर्म नहीं मानते तो पाहुल

(कच्छ कड़ा करद कंघा केश) इनकी धारणा व्यर्थ है (फिजूल है) और उक्त बार मे सिंहों का हिन्दूओं जैसा ही निज धर्म कथन किया है॥ यथा॥ निज फते बुलाई सतगुरु किनो उजेयारा॥ झूठ कपट सभ त्यागए सच सच वरतारा॥ फिर जग होंम ठहराय कर निज धर्म सवारा। तुर्क दुंद १ सभ उठगयो रचिआं जैकारा। जा उपजे सिंह महां बली खल निरधारा॥ उक्त बार ४१ पौडी १८

।६। श्री गुरु अमरदास जी तीसरी पातसाही को हिन्दू धर्म से विरुद्ध देख हिन्दूओं ने अकबर बादशाह की अदालत में उक्त गुरुपर दावा किया कि गुरु अमरदास वेदशास्त्र गायत्री से मुन्किर। हिन्दू नहीं है। श्री गुरु अमर दास जी ने अकबर बादशाह की अदालत में अपने आप को वेद शास्त्र गायत्री मानने वाला हिन्दू स्वीकार किया जिस इतिहास को नाटिककी रीति (अर्थी दावे) की तर्जपर लिखकर पाठकों की दृष्टिगोचर करता हूं।

टिप्पणी (१) अधर्म्म पाखण्ड॥

अभियोग

इम मसलत १ कर इकठ व्हैके ॥ दिजखत्री मुख आगे दुख पैके ॥ लवपुर २ गए फिरादी सारे ॥ ढिग अकबरके जाए पुकारे ॥ तुम मरयाद राखनहारे । विगरत को जगदेत सुधारे ॥ गोयंद बाल अगर गुरु हावा । भेद वर्ण चारोंका खोवा ॥ राम गायत्री मन्त्रन जापै । वहि ३ गुरुकी थापना थापै ॥ जुग चारहुआंई कहाँ नहाई । जिम मरयाद बिगारी सोई ॥ आत्मसमान के राहन चाले । मन को मतकरभए निराले ॥ हमरी करो इदालत एही । दुढहु धर्म सुराज विधेही ॥ (सूर्यप्रकाश ग्रंथरास१ अंस४१ कवितांअंक १४ से १७तक) अकबर बादशाहका हुकम नामा (सम्मन) जारी हुआ । कातिक दिन मह अकबर साहु । लिख पर वाना भेज्यों ताहु तुझपर भए बहुपुर के नरसमदाए । करहूं जवाब देइन संग । नातर इनके चालो ढंग ॥ परवाना सातै गुरु पह आयो ॥ सुभ्यो श्रवन साहि हमे बुलायो ॥

टिपणी (१) संमती (२) लहौर ॥ (३) वाहिगुरू मंत्र हिन्दू अक्षरों के आदि अक्षरों का संग्रह है कल्यानकारी कथन करते हैं ॥ देखो भाई गुरदास वार १ पौणी ४९ में ॥

तारीक पर अकबर बादशाहके दरबारमें मुद्दई दिज खत्री मुहाले गुरु अमरदासका मुखतार रामदास हाजिर हुआ ॥ मुद्दईयों से बादशाहने पूछा तुम दावा इनपर क्यों करतेहो।

सुन अकबर ने सर्व हकारे। दिज खत्री पहुंचे तबमारे ॥ अपरलोक अरु सभ अमराए। मिल इकठे होए तिसथाए ॥ सभन संग अकबरने कहो। कौन खोट इनमांहि तुमलहियो जिसपर कर पुकार सबआए। अपनों धर्म कहो समझाए ॥

मुद्दईदिज खत्रीयोंने मुहाले गुरु अमरदासके मुखतापर श्वाल।

सो बोले इन खत्री जात। अपनों पंथ करह विख्यात ॥ वेद रीतिको त्यागन करियो। और मति अपनोंपर चरियो। अपर बात तो कहनी कहां। हिन्दू धर्म गायत्री महां ॥ सो भी नहीं जानैह नजापै। गुरु बाणी कुछ औरही थापै ॥

अकबर बादशाह ने मुहाळे गुरु ३ के मुखतार रामदास जी से मुद्दईयों के श्वाल का जवाब पूंछा ॥

तब अकबर ने इस दिस देखा। गायत्री तुम धरहु बसेखा सोभी तुमनें पढीन कैसे। हिन्दू धर्म खत्री किम हैसे॥

मुहाले मुखतार रामदास जी ने यह जवाब दिया।

बोले रामदास संगसाहु । पठ गायत्री हम तुम पाहु ॥ अर्थ समेत सुनावहु सारी । जो आसैहै तेहि मझारी ॥ सभा के बीच पाठ तिसपढ़े । पाप१ पुरुसभ इनसिरचढ़े ॥ इमकाहि धुनिकीनासि इसभात । सकल अर्थको कह विख्यात ओं अंकार उचारन करेओ इत्यादि ॥ गायत्रीमंत्र सुनाय ॥

अकबर पातसाहका फैसला जिस्से गुरुसाहिब वेदशास्त्र मानने वाळेहिन्दूही साबित होते हैं ॥

अकबर अतिप्रसन्न हुइगयो । सबन सुनाय बखानत भयो ॥ वेदपुराण केहो इन करेओ ॥ अर्थ सहित गायत्रीजु बखानी इसपहकरहु प्रश्नजे जानहु ॥

(सूर्य प्रकाश रास १ में देखो)

(नोट) उक्त इतिहास से साफ प्रगट है कि गुरु साहिब वेद पुराणों को मानने वाळे हिन्दूयों कि सदृिश गायत्री सुनाने का पाप[२] समझते थे ।

(टिपणी) (१) कहुंहूके हिन्दूआ गायत्री गुप्त जपियो कहुंहूके तुर्का पुकारे बांग देतहो (दशम ग्रन्थ साहिब श्री गुरुगोविन्द सिंह कृत अकाल अस्तुति कवता अङ्क १२ । (२) यवनो को ॥

(७) श्रीगुरु ५ के सिख आकल तखाणने अपनी कन्यासा देन खाणके पुत्र संधुके साथ हिन्दू रीति अनुसार विवाह करदिया मगर चित्तमें बडा दुःखित रहा कि कन्या के श्वसुर सुलतानी हैं॥ वडे ग्राम से जनेत (बरात) विदा हो डरोंकी पहुंची वहा श्री गुरु हरगोविन्दजी महाराज विराजमान थे शब्द कीर्त्तन को कन्याने सुनकर पहचान लिया कि हमारे गुरुकी जगह है॥ डोली मेंसे उतर कर उक्त गुरु के समीप जाबैठी॥ गुरुजी के पूँछनेपर कन्याने अपने पिताका पता दिया और कहा कि मेरापिता मेरे विवाह सुल्तानीओं१ के होने के कारण दुःखितहै॥ इतने मेंही उस कन्या का पति संधूभी गुरु के पास आकर बैठ गया॥ गुरु साहिब उसको उपदेश देते हुए स्व हिन्दू धर्म की श्रेष्ठता जाहिर करते हैं॥

गुरुको सिक्ख सम्भर है तोरा। तिसकी सुना सम्बन्ध हैं जोरा॥ अब तुम तजो तुर्क की सेवा॥
देहु दरूद फेर तुम खावहु। तुर्क जूठ ते जन्म गवावहु॥
हिन्दू शरीर परमेश्वरदीना। किऊं व्यर्थ खोवहु मतिहीना

टिप्पणी (१) सुलतान अर्थात् लालावाले पीरकोमानने वाले

इत्यादिक जब गुरू सुनायो। संधू बालक तब बिरमायो १ ॥ करयो विचारन वच श्री गुरु का। हम हिन्दू क्यों मानह तुर्का ॥ करके रोट हरूदिखावहु। तुर्क जूठ लखकर पुन खावहु ॥ तुर्क विचारन कौन बडेरी। गुरुपग लपटाये तिस बेरी ॥ मोकहु अपनो सिख्यवनावहु। तुर्क सेवते गोहि हटा बहु॥(सूर्यप्रकाशरास ७ अंस १८ कविता अंक ४१से ४५तक)

(नोट) उक्त प्रमाणसे स्पष्ट प्रतीत होताहै कि गुरु साहिब हिन्दू धर्मको श्रेष्ठ मानते हैं और उपदेश करतेहैं। आज कलक नवीन गुरुमतावलंबी हिन्दूधर्म से घृणा [नफरत] करतेहैं शोकहै एसों की बुद्धिपर जो गुरु साहिबों के उपदेशको कलंकित कराकर झूठा बनारही है।

[८] जब सरकार अंग्रेजी सिक्खों की हकूमत से पश्चात् पंजाब दारूखलाफा२ लाहौरमें कानून बनन के वास्त सरकार ने हिन्दू और सिक्ख इकट्ठे किये उस समय सिखों ने सरकार नू कहा सिख लोग हिन्दू आंदी तरह हीं धर्म शास्त्र के पाबंद हैं [देखो पंजाब सिवलकोट बाब १]

---

(१) निश्चेकरा प्रेरणा किया ॥

(टिप्पणी) (२) पंजाब की बादशाही ॥

[नोट] सरकार अंग्रेजी गवर्नमेंटकी ओर से भी पास होचुका कि सिख हिन्दूहैं।

[९] लाहौर में एक हीरा जुबली के लिये हिन्दू और सिख राजधांदी बडी भारी सभा सन १८९७ ई० में हुई जिसके प्रेजीडेंट श्रीमहाराजा सम्बूसन उस समय सिख हिन्दू नहीं ये ख्याल पैदाहुआ ही था। श्री बाबा खेमसिंह जी ने सभनादीशाय नाळ यं ही फैंसला किया कि सिख और हिन्दू इकोही हैं।

[नोट] बडे २ सिंहराजे और महाराजे रईस उक्त सभा में अपने आप को हिंदू मानचुके हैं। नवीनसिंह अपनी ढाईआ खीचडी जुदीही पकाते हैं।

(१०) श्री महाराजा राजेंद्रसिंह साहिब रियासत पटेआलाजीको अक्टूबर सन १८९८ ई० में उच्च पदवी [खिताब] मिले और वहां बडे लाट छोटे लाट और सिख रईस सभ जमा सन। उससमय उक्त महाराजा साहिब जी के श्री मुख बचनोंसे प्रगटहै कि सिख हिंदू हैं।

मैं देखताहूं के कुछ अर्सःसे बाज तराह में यह दिखलानें की कोशिश कीगई है के सिख हिंदू नहीं हैं। लेकिन

यह गलती है सिखों ने बहैसियत मजमूई कभी अपनें ताईं हिन्दुओं से जुदाख्याल नहीं किया और नाहीं वोह ऐसा ख्याल करसक्ते हैं॥

[नोट] उक्त श्री महाराजा साहिब बहादुर उस खानदान में से हैं जिन को दशमपातसाही का वर है।

मेरा घर सों तुम्हाराघर। तुम्हाराघर सों मेरा घर॥

इस वृत्तांत वाला हुकुम१ नामा पातशाही १० जी से महाराजा के बुजुर्गों को मिला हुआहै मित्रों? उक्त श्री महाराजाका श्रीगुरुमुख वाक्य [गुरू] सदृश माननाचाहिये क्यों कि गुरु १० साहिब उक्त महाराजोंमे अभेद कथन करते हैं।

[११] श्री गुरु नानक कुल भूपण वेदी वंस अवतंस श्री बाबा खेमसिंह जी, सी, आई, ई, जिनकी कीर्ति पंजाब भर में रोशन है जिन को आम सिख और राजा महाराजा सिर झुकाते हैं वोह भी सिख और हिंदू इकोंही हैं कथन करते हैं।

हिंदूओं? डरा मत जिन सिखों को तुम सच्चा सिख समझतेहो वे झूठे बाबू सिख हैं वै नई रोशनी के चिणगारडेहैं

(१) देखो गुरमत प्रभाकर खालसा प्रेस लहौर छपेकी पृष्ट ३०५ पंक्ती ३१ से ३३॥

वैसे लोग सभ समाजों में पैदा होगए हैं सिखोंमेंही क्यों न हों उनकी बातका बुरा न मानना सच्चा सिख और हिन्दू दोनों एक प्रान और दो देह हैं अब से हिंदू हृदय बेधनेवाले सिखों को जातीय दंड दिया जावेगा।

[३०जनवरी सन् १८६६ई० बंगवासी अखबार]

[नोंट] मित्रों ! वेदी, तेहण, भल्ले, सोढी चारों कुलों के साहिबजादेयों के माननेवास्ते श्री गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज का हुकम है। यथा बांव १ कें बावरकें दोउ आप करे परमेश्वर सोउ [दसमपातशाही ग्रन्थसाहिब श्री मुख वाक्य व चित्रनाटक अध्याय ११ सहजाद का युद्ध बर्णन कविता अंक ९]

[२] गुरु नानक अंगद की अंस। अमरदास भल्ले का बंस॥ इन्की पूजन जो नर करहैं। सो नेगेहिंद में परहैं॥ [नसीहतनामा श्री मुख वाक्य पातशाही १०]॥

(१) करी सौपना बंस की सभ सिखन के साथ। जो उनकी समसर करे, जलजावे कुल ताम॥

---

(१) श्री गुरु नानकदेवजी की संतान वदीसाहिवजादे॥

(२) ब्रावरी जैसे गुप्त स्थान से कपड़ा पृथक् नहीं होसकता।

[रहितनामा श्री भाई नन्दलाल] मित्रो श्री बाबा खेमसिंह जी का फैसला भी गुरु हुकम सदृश मानना चाहिये

(१२) खालसा कौमने हिंदु आंदा आदर्षी चोली ? दामन वाला साथ वणे आनला आंऊदा है इसे तरां हिन्दू अर सिख इकोहन (गुरुमुखी सिंहों का इखबार हफतेवार॥ खालसा प्रकाश जमीमा आफताब पंजाब लहौर १ अगस्त सन् १८९८ ईसवी जिस के संपादक दिवान बूटासिंहजी हैं।

[नोट] बडे बडे सिंहों की राय में हिन्दू और सिख इकाही है ॥

[१३] श्रीमान् बाबा नारायणसिंह वकील अमृतसर निवासी ने नवीन सिंहों के रसाले " हम हिन्दू नहीं ,, का जवाब "सिख हिन्दू हैं न,, गुरुमुखी रिसाले से दिया है जो सन १८९९ ईसवी मतबा क़ानूनी प्रेस श्रीअमृतसर में छपा इस छोटे से रिसाले में नवीन सिंहों को दंदाने शिकन जवाब देकर साबित किया है कि सिख हिन्दू हैं जो नवीन सिंहों को जवाब देने के लिये लोहे के चणे पिसण हैं ॥

[नोट] मित्रो ! गुरु सन्तानकी शिक्षा भी गुरुहुक्म अनुसार माननी चाहिये ॥

(युक्ति [दलील] सेभी सिंह हिन्दूही साबितहोते हैं)

दृष्टांत (मिसाल) एक खेतकी पैदावार का झगडा पड जाए तो हाकिम वक्त के समीप (नजदीक) के खेतों की व्यवस्था [हालचाल] देख फैसला करदेता है॥ ॥

दार्ष्टान्त ॥ अर्थात् नास्तीक बहुतसारे सबूतहोते हुए कि सिख हिंदू हैं फिर झगडा पडता जाए तो उक्त दृष्टांतअनुसार सिखों में गुण कर्म देख हिंदुओं जैसेहों हिंदू मुसलमान मानों जैसे होते हैं मुसलमान, पाठकगण ! आत्माकोमदनजर रख फैसला करें॥

[१] मुसलमानों के जब बालक जन्मता है तो नाम--अल्ला रक्खा। मामदीन। रमजानी। अल्लादिया। फजल हुसेन। महमूद, आदि होते हैं॥

हिन्दूओं के जब बालक जन्मता है तो नाम ठाकुरदास हीरा दास, मतापू, लालजी, दुर्गादास, नारायण दास, गङ्गाराम, ज्वाला प्रसाद, नत्थूमल, फतूमल, मङ्गल, बुधू, दसौंदी जैसी, नानक, अर्जुन, कान्हा, भगवाना, आदिहोतेहैं।

(नोट) हिन्दू बालकों के नामकें साथ सिर्फ सिंह शब्द लफज लगाने से सिख (सिंह) बनजाता है॥ हिन्दू

राजपूतोंके नामके साथ हमेशः सिंह शब्द होता है ॥ यथा, पृथ्वीसिंह, मानसिंह, आदि इससे साफ प्रकटहैकि सिंह नाम हिन्दूओं से लिया इसकारण हिन्दू है ॥

(२) मुसलमान सुन्नत (लिंग छेदन) और सिर के रोम चट्टपटिंड की तरह (राटपाड) रखना अच्छा समझतेहै। हिंदू लिङ्गका छेदननहीं करना और सिरपर बाल (अव्वलतो जटाजूट नहीं चोटीमात्र) रखना अच्छा समझतेहैं

(नोट) सिंह भी हिन्दुओं की सदृश बाल (केश) रखना और लिंगका छेदन न करना अच्छा समझतेहैं। इससेभी सिंह हिन्दू साबित होतेहैं।

(३) मुसलमान जलमें [गुसलखानें में] नग्न स्नान करना चलते जल और सरोवर में थूकना और दातन ना फाडना आचरण धारण करते हैं।

हिन्दू कपडे सहित स्नानकरना चलते जल और सरोवर में थूक खकार आदि से बचाव रखना और दातन फाडना यह आचरण धारण करतेहैं

[नोट] सिंहभी कपडे सहित स्नान करना जल में थूक खकार मल मूत्र से बचाव रखना और दातन फाडना

हिन्दुओं जैसाही आचरण हैं ॥ इससेभी सिंह हिन्दूही साबित होते हैं ॥

(४) मुसलमान छूतछात नहीं रखते और लड़के लड़की स्त्री आदि के साथ जूंठा भोजन खालेते हैं।

हिन्दू छूतछात और लड़के लड़की स्त्री आदि के साथ जूँठा भोजन नहीं खाते।

[नोट] सिंहभी हिन्दूओं की तरहः लड़के लड़की और स्त्री आदि के साथ जूंठा भोजन नहीं खाते इससेभी सिंह हिन्दूही हैं

[५] मुसलमान—ईश्वर (खुदा) का भजन (बन्दगी) १११ मणकों [दानों] की तसवी [माला] से चुपचापकरते हैं ॥

हिन्दू ईश्वर का भजन ऊंचे स्वर और गायन से करते है और माला १०८ मणकों की होती है ॥

[नोट] सिंहभी हिन्दूओं की तरह ईश्वर का भजन ऊंचे स्वर और शब्द गायन से करतेहैं और माला १०८ दाणों की होती है ॥ इससे भी सिंह हिन्दूहीहैं ॥

[६] मुसलमान खुदा (ईश्वर की उपासना प्रार्थना)

(इबादत और बंदगी) मूधे सीधे होकर करतेहैं ॥

हिन्दू ईश्वर की उपसना प्रार्थना हाथ जोड शिर झुका य करतेहैं ॥

(नोट) सिंहभी हिंदूओं की तरह ईश्वरकी उपासना प्रार्थना हाथ जोड शिर झुकाय करते हैं। इससे भी सिंह हिंदू ही साबितहोते हैं ॥

(७) मुसलमानों के इबादत खाने (मसजिदों) में बाजा गाजा आरती वगैरः नहीं करीजाती ॥

हिन्दूओंके इबादत खाने (मन्दिरों) में बाजे गाजे से आरती वगैरः होती है ॥

[नोट] सिंहों के इबादत खाने [गुरुद्वारों] में हिन्दूओं की तरह बाजे गाज संख घडयाल चौरी नगारा धूप दीपकादि से आरती होती है। इस्सेभी सिंह हिंदूही हैं ॥

[८] मुसलमान अपनी धर्म पुस्तकों की जाहिरा इज्जत नहीं करते।

हिन्दू धर्म पुस्तकों १ की जाहिरा इज्जत (पूजनादि और असवारी निकालना) करते हैं।

---

(१) पंजाबमें अनेक सनातन धर्म्मसभा अपने उत्सवोंमे वेद शास्त्रादि के सादृस ग्रंथसाहिब की धूंम धांम से सवारी निकलती हैं ॥

[नोट] सिंहभी हिन्दूओं की तरह अपनी धर्म पुस्तकों की पूजनादिक नमस्कार चौरी आदिक करते हैं ॥ इससे भी सिंह हिन्दूही हैं।

[९] मुसलमान व्याज [सूद] लेना पाप समझते हैं ॥

हिन्दू व्याज (सूद) लेना पाप नहीं समझते।

(नोट) सिंहभी हिन्दूओं की तरह व्याज (सूद) लेना पाप नहीं समझते। इससे भी सिंह हिन्दूही हैं॥

(१०) मुसलमान १ मुरदे को कबर में दबादेते हैं ॥

हिन्दू मृतक पुरुष को अग्निमें जला देते हैं ॥

(नोट) सिंहभी हिन्दुओं की तरह मृतक पुरुष को अग्निमें जला देते हैं। इससेभी सिंह हिन्दूही हैं। नहीं तो हिन्दू मुसलमानो से विलक्षण कर्म्मकरना चाहीये।

---

(१) आले जारे आलेगडे तेरी गत दुहु नही पाई ॥ इस शब्दके अनुसार तवीनासिंह हिन्दू रीति मुरदेको जलानेके सवाए वृक्षों (दरखतो) पर लटकायाकरे नहीं हिन्दूही रहेगा ॥

(२) जिसकै अंतर राज अभीमान सो नर्क पाती होवतस्वान ॥ जो जानै मै जोवनवत सो होवत विष्टा का जंत ॥ सूखमनी ॥

[११] मुसलमान कर्मों के अनुसार पुनर्जन्म नहीं मानते। हिन्दू कर्मों के अनुसार पुनर्जन्म मानते हैं।

(नोट) सिंह भी हिन्दूओं की तरह कर्मों १ के अनुसार पुनर्जन्म को मानतेहैं। इससेभी सिंह हिन्दूही हैं।

आसा इष्ट उपासना, खान पान पहरान।

षट्लक्षण जासों मिले ताहिको बामन मान ॥

(समीक्षा) मित्रों १ सिंहों के जन्म से लेकर मृतक पर्यन्त सर्वत्र) आचरण हिन्दूओं से मिलतेहैं इसवास्ते सिंह हिन्दूहीहैं

सिख हिन्दूनहींका मुखचपेट प्रश्न १

नवीन खालसाजी हिन्दू और हिन्दूओं की सन्तान होतेहुए धर्म्म के कृतघन (पापी) होकर मुनकर होरहे हैं और एक ग्रंथ साहिबजीको ही धर्म्म ग्रंथ मानते हैं सो ग्रंथ साहिब हिन्दू है और धर्म्म के सिद्धान्तों का उपदेश करता हुआ संसार सागर से पार होने लिये हिन्दू धर्म्म के सिद्धांतों को नौका (बेड़ी) रूप कथन करताहै ॥

(१) कोई बोले राम राम कोई खुदाइ ॥ राग रामकली महाल्ला ५

(२) जोगी गोरख गोरख करैं। हिन्दू राम नाम उचरैं। मुसलमानका एक खुदइ। आदग्रंथ साहिब ।

नोट—मित्रो उक्तशब्द श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी हिन्दू सिद्धांत (रामनामादि) काही कल्यान के लिये उपदेशकरता है ॥ यथा (१) सिलो सिता महिमा माहिना आइ मरे न ठागे जाहि जिन के राम वसे मन माहि ॥ आद ग्रंथ साहिब जपजी पौडी ३७ महाल्ला १

[२] राम राम संगकर व्योहार। राम राम प्रान अ-धार। राम राम राम कीरतन गाइ। रमत राम सभरिहिओ समाइ॥ १ ॥ संत जना मिल बोलोहु राम। सभते निरमल पुरण काम॥ १ ॥ रहाउ॥ राम राम धन संच भंडार। राम राम कर अहार। राम राम राम बीसर नहीं जाइ। कर कृपा गुरदिया बताइ॥ २ ॥ राम राम सदा संहाइ। राम राम लिव लाइ। राम राम जप निरमल भए। जन्म जन्म के किल विख गए ॥ ३ ॥ रमत राम जन्म मरन निवारे। उचरत राम भै पार उतारैं। सभ उच राम प्रगास । निस बासर जपनानक दास ॥ ४ ॥ आदग्रंथ साहिब राग गौंड महाल्ला ५ शब्द १०

(३) हरे राम बोल हरे राम बोल सभ पाप गवाधू ॥४
आद ग्रंथ साहिब राग सारंग महाल्ला ४ शब्द ९ तुक १

(४) रामनामको नमसकार जास जपन होवत उधार ॥
आदग्रंथ साहिब राग माली गैड़ा महाल्ला ५ शब्द १ तुक ?

(५) अस्वर संघारण राम ॥ आदग्रंथ साहिब राग मारू सोहिले महाला १ अंजलिआं शब्द ९ तुक ९

(६) राम जपो जिआ औसे औसे धू मलहाद जपे हरि जैसे ॥ आद ग्रंथ साहिब राग गौड़ी कवीरजी।

(७) कवीर सांई मुख धन्यहै जिह मुख निकसे राम। दह किसुकी बापुरी पवीत्र होएगो ग्राम ॥ आदग्रंथ साहिब श्लोक ११० कवीरजी।

(८) संग सखा सभ तजिगए । कोउन निवहिओ साथ । कहु नानक इह विपतमैं टेक एक रघुनाथ ॥ आदग्रंथ साहिब श्लोक ५५ महाल्ला ९ ।

(९) दसरथ नंद राजा रामचंद । प्रणवै नामा तत्त्व रस अमृत पिजै ॥ आद ग्रंथ साहिब राग रामकली वाणी नामदेव शब्द ४ तुक ४

(१०) रघुबंस तिलक सुन्दर दसरथ घर मुनि बांछहि जाकी सरण। आद ग्रथ साहिब स्वैये महाल्ला ४ के स्वैया २

(११) रंग महिल विच दसरथ कौशल्या रलिया ले। मता मताया इन आपाविच चाए चईआले। खंरखुसा ले घर असडे पूत्तहोए नाऊ की धरीऐ बालक बले। राम चन्द नाऊ लैदिआं तिन हत्याते होए निराले। राम राज प्रवाण जग संतोख धर्म्म रखवाले। माया विच उदास हुए सुणे पुराण वासिष्ट वाहाले। रामायण वरताया सिलातरी छुहि ततकाल ॥. श्री भाई गुरदास जीकी वार २१ पाडी ८ ॥

(१२) राम कथा जुग जुग अटल सभकोई भाखत नेत। सुरगवास रघुवर करा सगरी पुरी समेत ॥ दसम ग्रंथ साहिब रामा अवतारके अंत में श्रीमुख पादसाही १० की प्रार्थना।

[१३] श्री गुरू आद ग्रंथसाहिब गुर मन्त्र राम नाम कोही मानताहै ॥यथा॥ मन्त्रं राम नामं ध्यानं सर्वत्र पूरनं। आद ग्रंथ साहिब श्लोक सैहस कीरती महाल्ला५ श्लोक४०

लेखका तात पर्य

श्री गुरु ग्रंथ साहिबतो हिन्दू सिद्धान्त [रामनाम] का उपदेश करनेवाला हिन्दूही है नवीन सिंहों आपको वर्त मान गुरूसे बरूथ निगुरे होना पडेगा ॥ नहीं गुरूसे व मुख और आगया उलंघन करने वाले शिघ्र होजाआंगे ॥

सिख हिन्दू नहीं का मुख चपेट प्रश्न २

श्री गुरु ग्रंथ साहिबजी हिन्दूओंकी सद्रिम ॥ कर्म उपासना ग्यान ॥ तिनो प्रकारसे उपदेश करताहै ॥ यथा ॥ फल कारण फूली बनराए ॥ फल लागा तब फूल बलाए ॥ ग्यानह कारण कर्म अभ्यास ॥ ग्यान भ्याता कर्मःनास ॥

नोट—मित्रो जैसे हिन्दू ग्यान कांड [वेदान्त] का भगवान व्यासदेव और शंकराचार्य प्रणीत ज्ञान मुक्तीका कारण समझ विशेष प्रचार करतेहैं वैसे हो श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रचार करता है ॥

(१) एक रूप सगलो पासारा ॥ आपे बनज आप व्योहारा ॥ १ ॥ औसो ग्यान बिरलोइपाए ॥ जित जित जाईये तित द्रिष्टाए ॥ १ रहाउ ॥ अनक रंग निरगुन इक

रंगा ॥ आपेजल आपेही तरंगा ॥ १ ॥ आपह मंद्र आपह सेवा । आप पूजारी आपही देवा । १॥ आपे जोग आपही जुगता ॥ नानक के प्रभ सदही मुक्ता ॥ आदग्रंथ साहिब राग बिलावल महाल्ला ५ शब्द ६

(२) सूर्य्य किरण मिले जलका जल हुआ राम ॥ जोनी जोत रली संपूरण थी आराम ॥ब्रह्मदिसै ब्रह्म सुणीअै। एक एक वखाणीअ ॥ आत्म पसारा करण हारा प्रभविना नहीं जाणीये ॥ आदग्रंथ साहिब राग बिलावल महाल्ला ५ छंत शब्द २ तुक ४

(३) सागर महि बूंद बूंद महि सागर । कवण बुझै बिध जाणै । उत्त भुज चलत आपकर चीनै आपे तत्व पछाने ॥ आदग्रंथ साहिब राग रामकली महाल्ला १ शब्द ४

[४] जैसे कुंभ उदक पूर आन्यो तब ओहभिन द्रिष्टा । कहु नानक कुंभजल के महि डारिओ अंभगि अंभ मिल्यो ॥ आद ग्रंथ साहिब राग सारंग महाल्ला ५

(५) ब्रह्मज्ञानी आप प्रमेश्वर ॥ आदग्रंथ साहिब राग गौडी सुखमनी महाल्ला ५ अष्टपदी ८ तुक ७

(६) घटही भितर वस्त निरंजन । ताको मरमनजाना ॥
आद ग्रंथ साहिब राग सोरठ महाल्ला ९ शब्द ७ तुक ३

[७] गुर किरपा जिह नरपर किनी तिह जुगत पछानी ।
नानक लीन भए गोबिंद सियों जियों पानी संग पानी ॥
आद ग्रंथ साहिब राग सोरठ महाल्ला ९ शब्द ११ तुक ३

(८) जब उद करख करत करतारा । परजा धरत तब देह अपारा ॥ जब अकरख करतहों कबहुं तुमें मिकत देह धर सबहुं ॥ दसम ग्रंथ साहिब श्रीमुखवाक पादसाही १० चौपाई रैहरास ॥

[९] हरि हरि जन दुई एक हैं बिब विचार कुछ नाहि ॥ जलते उपज तरंग जिऊं जलही बिखै समाहि ॥

उक्त पता

लेखका तात पर्य

पित्रो बेदान्त [जीव ईश्वर को एक मानना] हिन्दू धर्मकी मूल पुस्तक उपनिसिधोंका सिद्धान्त है जिसको गुरु साहिब हिन्दूओंकी सांद्रस अपना सिद्धान्त मानते हुए उप-

देश करतेहैं नवीन सिंहों अब आपको शोक सागर में डूबना पड़ेगा। नहीं गुरु रक्षक सनातन हिन्दू धर्मको ग्रहण करो।

आदल गवर मिंटने नवीन सिंहों का सहारा तोड़ दिआ ॥

लहौरके सरदार धाकसिंह मृत्युकी विभवा स्त्री का अपील वलैत तक पहुचन पर लंदनकी बड़ी अदालत [पृवी कौंशळ] ने फैसला कर दिआ कि सिख हिन्दू है॥ देखा पैसा इखवार लहौर हरूफ उड़दू नंवर ३७ जिलद १७ रजिष्टर नंबर ३७ मतवुआ १२ सितंवर सन १९०३ सुफा ७ कालम ३

लेकिन अखीर कार वलैतकी पृवी कौंशलनैं सिंहां के इसध्वाल [सिख हिन्दू नहीं] का कतई फैसलाकर दिआ है वहीयत मजमूई सिख हिन्दूओं में शामिल हैं॥

॥ इति प्रिथम अध्याये ॥

अध्याये २

दसों गुरू साहिब यज्ञोपवीत पैहरने वाले हिन्दू हैं ॥ आजकल के अज्ञानी सिंह ॥ "दयाकहा संतोख सूत जत गंडी सत वंट एह जनेऊ जीअका हाईता पांडे घत ॥ आदि शब्द से जनेऊ का खंडन सिद्ध करते हैं" मित्रो उपरल शब्द के अर्थ से जनेऊ का पूर्ण मंडन है ॥ यथा ॥ दया कपाह (कपास जैसी मुलैम दिया) संतोखसूत (सूत्तर जैसा लंबा संतोख) जत गंडी (जतेंद्रत्तारूपी गांठ) सत वट (पूर्ण सत्तवादी निश्चा) एह जनेउ जीअका (यह जनेऊ के लक्षण निराकार जीवातमा के हैं) हईत पांडे घत (तेरे पास ऐसा शुभ उपदेश है तो मुझे पैहनादे) और इसी शब्द में साफ गुरू साहेब जनेऊकी तारीफ (सलाघा) करते हैं "सकाई सचसूत,, और अखीर की तुकों से पाखंड का खंडनहै ॥यथा॥ "कहु बकरा रिनखाया सभकाआखै पाइ,, नवीन सिंहोंने गुरू हुकम से वरूद्ध बकरा मुरगी

आदिक जीवोंका मांस (झटका) खान धर्म्म करलिया जनेऊ छाडदिआ धन्य कलजुगी सिखी ॥

[१] सिखो चक्क बुड्ढके सामिथ गुरू नानक जी ने अपने प्रोहत पंडित हरयाल जासे संसे निविरत कर कुलकी मर याद्रा अनुसार जनेऊ पैहरा पुराचीन जन्म साखीओंमें लिखा है ॥ हम इस प्रसंगको यहांही छेडते हैं। झगडे में रगडा क्यों करना है ॥ जनेऊकी सिद्धी में प्रबल प्रमाण लीजीए ॥

(२) श्रीगुरू नानक देवजी ने अपने विवाह में चुप चपाते धर्म्म समझ जनेऊ पैहर लिआ जैसे छोटी उमर में पंडित हरयालजी से वैहस करी बतलाते हैं वाह नहीं की।

महिदी पद संयुत कोको नंद मकरंद अनंद उदार वसाई। गरचीरहे पीत पुनीत मनो गहि जग्यो पवीत महा छबछाई। कल कंकन कंचनभूर कियूर वनी उरमाल विसाल सुहाई ॥

नानक प्रकाश पुर्वार्ध अध्याये २२ कबता अंक ४४

[१] श्री गुरूनानक देवजी के गले में वृधावस्था (बुढापे तक) जनेऊथा देखो पुराचीन जन्मसाखी ॥ बोलोभाई जी वाहिगुरू सुलतान पुरों चले सतां दिना देविच लालो दे घर जाए बडे ॥ अगे भाई लालो बैठा किले घडदा आहा ॥ देखता इक तपाजेहा है अते गळविच जंञु है सुअते डूपेटा नाळ है लालो उठ खडाहोआ ॥ गुरु नानक जी आखिआ बैठ भाई लालो कीरतु करू ॥ भाई लालो बैठकर पुछणलगा जीपैं पैहरम नाही तुसां अपणा आप जाहिर करां ।

(इत्यादि वारतालाप से वड़ी खुसी हुई और पुछा)

बाला गुरूजी प्रसाद त्यारहै ॥ तां नानकजी केहा लैआ-ओ भाई अथेही लैआओ ॥ तां भाई लालो आखिआजी तुसादे गलजंञू है श्री गुरू नानक देवजी की पुरानी २०० वर्ष की लिखी जन्म साखी ।

(४) मित्रो येहतो रहा इतीहासक (जनेऊका तारीखी सबूत) अब लीजीये श्री गुरू नानक देवजीका आद ग्रंथ साहिब में श्री मुख वाक से अपने आप जनेऊ धारण

करते हुए जगतको उपदेश करते हैं ॥ सर्वत्र मत मतात्रों के ईश्वर प्राप्त चिन्ह बतलाते हुए इस शब्द की तुक ४.में अपना ईश्वर प्राप्ति का साधन यज्ञोपवीतको कथन करते हैं ॥

(आदिग्रंथसाहिबरागआसामहाल्ला१शब्द३३)

देवतिआ दर्शन के ताई दूख भूख तीर्थ कीये ॥ जोगी जती जुगत मे रहते कारि कारि भगवे भेसभए ॥ १ ॥ तउ कारण साहिबा रंगिरते ॥ तेरे नाम अनेकारूप अनंता कहण न जाही तेरे गुणकेते ॥ १ रहाउ ॥ दरघर मैहला हस्ती घोड़ छोड वलागत देसगए ॥ पीर पेकंवर सालिक सादिक छोडी दुनीआ थाइपए ॥ २ ॥ सादसेहज सुखरस कस तजी आले ॥ कापड़ छोडे चमड़लए ॥ दुखीए दरवंद दरितेरे नागिरते दरवेसभए ॥ ३ ॥ खलडी खपरी लकडी चमडी सिखा सूत धोती कीनी ॥ तूं साहिबहउ सांगी तेरा प्रणवै नानक जाति कैसी ॥ ४ ॥

चतुर्थतुकका अर्थ ॥ श्री गुरूनानक देवजीनै येह ईश्वर प्राप्त चिन्ह धारण किये। खलड़ी (चमडेकाथैला)

खपरी [भिक्षाका पात्र] लकड़ी [काठी] चपड़ी [मृग छाला] सिखा [हिन्दूओ जैसे सिरपर ढाईबाल] धोती [हिन्दूओ जैसी ५ गज की] हे ईश्वर तू मालिक है हउसागी १ तेरा (मैं तेरी माफ़ी वास्ते उक्त चिन्ह धार किये हैं) प्रणवै नानक जात कैसी (अपनी और जाती वखानतलाऊं) ॥

नोट-जो लोग मूलसे जनेऊ अर्थ नहीं समझते वोह अनर्थ कारी धोखादेते हैं क्योंकि ग्रंथसाहिब की और तुकें इसी प्रकार यज्ञोपवीतनही साबित करती हैं ॥

॥ १ ॥ दया कपाह संतोख सूत ॥ २ ॥ सूत उपाए करे वुरिआई न्हाता धोता थाएन पाई ॥ ३ ॥ सालाही सचसूत ॥ ४ ॥ सिखासूत । ५ ॥ हिन्दूके घर हिन्दू आवे सूत जनेऊ वडगल पावे ॥ इत्यादि ॥

[५] दसों गुरु साहिब गुरूमत में एकरूप मानेजाते हैं अगर जनेऊका खंडन गुरू नानक जी करजाते तो आपको

---

(१) हउ [मैं] का बोधक है जो आदग्रन्थसाहिबकी तुकोंसे प्रगटहै ॥ ॥ यथा ॥ मैनाही कछु हउ नाही ॥ और ॥ हउ संचो हरि नाइ ॥ और ॥ हउ संचो हरि खाटता ॥ इत्यादि ॥

पैहमते और श्रीगुरू तेगबहादरजी क्यों जनेऊ को धर्म्म समझ अपना सीस [सिर] दिल्ली चानणी चौक में देने की क्या जरूरतथी ? ॥

तिलकजंञू राखाप्रभुताका। कीनोवड़ोकलूमहि
साका ॥ सापनहेत इती जिनकरी। सीसदीआ
पर सीन उचरी ॥ १३ ॥ धर्म्महेत साकाजिन
किया ॥ सीसदीआ पर सिरु नदीआ। नाटक
चेटक कीए कुकाजा। प्रभु लोगनको आवत
लाजा ॥ १४ ॥

॥ दोहरा ॥

ठीकरफोर दलीस सिर प्रभ पुर कीयस पयान।
तेग वहादरसी कृपा करी न किनहूं आन॥१५॥
तेगवहादर के चलत भयो जगतको शोक ॥
हैहैहै सभ जगभियो जै जै जै सुरलोक ॥ १६ ॥

सूक्ष्म अर्थ मिश्रा उक्त शब्द में दो बार श्री गुरु तेगबहादर जीका नाम आने से सपष्ट प्रगट है कि गुरू साहिब ने तिलक जंनऊ धर्म्म की खात्र प्राण देदिगे आर प्रमेश्वर ने उन के तिलक जनेउ की रक्षाकी जो तांका पद से साबित है ॥ धर्म्म हेत पद सपष्ट पडा है ॥

भाव उक्त शब्द में तांका पद दुसरे पुरुषका वाचक है ॥ सो नौंमे गुरूके समाचार का दसमें गुरु कहनेवाळे हैं इस से साफ प्रगट है श्री गुरू तेगबाहादुरजी के तिलक जनेऊ की रक्षा प्रभु प्रमेश्वर ने की अर्थात् गुरू तेगबहादुर जी ने तिलक और जनेऊ धारण किया हुआथा ॥ तांका पद से सपष्ट प्रतीत होता है॥ और श्री गुरू आद ग्रन्थसाहिब बीड भाई बन्नो राग रामकली महल्ल।५ छंत शब्द५ तुक १ ॥ भदण जणेत कराया गुरू ग्यांन जपाई ॥ इस तुक में जनेऊ धारण का और सिर मुंडाने का साफ हुकम है ॥

(६)श्री गुरु गोविंदसिंहने अपने विवाह में ससुराळ घर जनेऊ बड प्रेम से पहरा।

पीत पुनीत उपरना धोती । जोती रवि नव छव छाजै ॥
पीत जनेऊ मनो वदन ससिपै । बिजरी विजुरी भ्राजै ॥

नवीन सिंहोंकी प्रमाणीक पुस्तक पंथप्रकाश जो संमत १९६४६ वि० छपे पुरबार्ध सुफे ५०० सत्तर १५ और १६ कथा गुरू ९ विश्राम ४२ कवना अंक ९

अखीर नतीजा

गिझां उप कर्म श्री गुरू नानक देवजी और उपमध्य श्री गुरू तेगबहादुर जी उपसंघार श्री गुरू गोविंद सिंहजी का जनेऊ पैहरना साफ प्रगट है ब्राह्मण क्षत्री वैश्य तीन वर्णों को वेदका हुकम है गुरू साहिब खत्री वेदके मानने वाले थे उनके जनेऊथा ॥ गुरूके सिख माया करके शुद्र और शुद्रोंसे भी निचेदरजे के हैं उनके लिये जनेऊका हुकमही नहीं ! क्या नवीन सिंहों आप गुरू साहिबों को भी शुद्रही समझतेहैं नहीं वोह रघुवंशी खत्री धर्मके रक्षक थे ॥ और गुरू संतान, बेदी, भल्ले, तेहण, सोढी । जनेऊ धार्ण करते हुए सरवत्र परतीत होते हैं द्रिष्टान्त के तौर पर देखीये हमारे नगर रोपड़ में श्री गुरू नानक देवजीकी संतान बेदी बाबे हरबख सिंह और गुर बखससिंहजी आदिक जनेऊ को धारण करतेहैं ॥ ॥ इति दुतिये अध्याये ॥

अध्याये ३

श्री गुरु ग्रंथ साहिब वेद पुराणों को धर्म्म ग्रंथ मानता है ॥

[१] पांधी पुराण कमाईये । भउ१ बट्टी इतुतन पाईये ॥ आदग्रंथ साहिब रागश्री महाल्ला १ घरु ५ शब्द ११ तुक २

(२) सुणीये शास्त्र सिमृति वेद ॥ जपती पौडी ९ महाल्ला १

[३] अहरन मत२ वेद हथ्यार ॥ जपजी पौडी ३८ महाल्ला १

[४] चार बेद कथहु आकार ॥ आदग्रंथ साहिब राग गौडी महाल्ला १ चौपद शब्द १२ तुक१ ॥

(५) चचे चार वेद जिनसाजे । चारे खाणी चार जुग ॥ वक्त पता राग आसा महाल्ला १ पट्टी लिखी शब्द ९ ॥

टिप्पणी (१) पापों के छुटकारे का आशान मार्ग । (२) मति रुपी बुद्धी अहरन उस के सुधार लिये वेदही हैं ।

(६) दस अठारामैं अपरंपर चिनै । कह नानक इक्क तारे आदग्रंथ श्री राग महाल्ला १ घर ३ शब्द २६ तुक ३ ॥

(७) वेद पाठ मत पापा खाए [उक्त पता रागमूही की वार म० १ श्लोक १७]

(८) कुदरत वेद पुराण कतेवा ॥ कुदरत सभ विचार [उक्त पता राग आसा की वार म० १ श्लोक ३ ।

(९) चारे वेद होये सचआर ॥ पड गुन तिन चार विचार [उक्त श्लोक १३]

(१०) नाभ कमलते ब्रह्मा उपजे वेद पढे मुखकंठ सवार [उक्तपता राग गुजरी म० १ चौपदे घर १ शब्द २ तुक १]

[११] चौथे उपाए चारे वेदा ॥ खाणी चारे बाणी भेदा ॥ अष्टादश खट तीन उपाए (उक्तपता राग बिलावल म० १ तिथी घर १० शब्द अक ५)

(१२) ओअंकार वेद निरमए उक्तपता राग राम कली म० १ दखणी ओअंकार शब्दांक १)

---

(३) अठारा पुराण ।

(१३) सामवेद ऋगु जुजुर अथर्वण ॥ ब्रह्म मुख माया है त्रैगुण ॥ [श्री गुरु आद ग्रंथ साहिब राग मारू सोहिले महल्ला १ शब्द १७ तुक ९]

[१४] वेद पुकारे पुन्य पाप स्वर्ग नर्क का बिउ (उक्तपता राग सारंग की वार म० १ श्लोक १६)

(१५) वेद बपारी ज्ञान रास १ कर्मी पलै होए (उ० पता सारंग म० १ श्लो० १७)

(१६) जोग शब्दं २ ज्ञानशब्दं वेदशब्दं ब्राह्मणं (उक्तपता श्लोक सहसक्रती म० १)

(१७) कथा कहाणी वेदी आणी पाप पुन्य बिचार [उक्तपता राग सारंग की वार म० २ श्लो० १६)

(१८) ब्रह्मा विष्णु महेश देवउपाया । ब्रह्मेदिते वेद पूजा लाया (उक्तपताराग माल्हारकी वार म०२ श्लो०१)

(१९) सप्तद्वीप सप्त सागर नवखंड चार वेद दसअष्ट-पुराण हरिसभनांविच वरतदा हरिसभना भाणा ॥ (उ० पता श्री राग कावार म० १ श्लोक ४ की पौडी)

(टिप्पणी)—(१) वेद के वापार में ज्ञानरूपी रास (पूंजी) कर्मों से मिलेगी । (२) धर्म्म ॥

[२०] ब्रह्मा मूल वेद अभ्यास [उ० पता राग गौडी अष्टपदी म० १ श० १ तु० १)

[२१] चारेवेद ब्रह्मको दिये पाडि पडि करे विचार (उ० पता राग आसा अष्टपदी म० १ श० १ तु० १)

(२२) जुगि जुगे आयो आपण धर्म है। सोधदेखो वेद पुराण (उ० पता राग बिलावल म० ३ श० ४ तु० ६)

[२३] कहयो गोपाल पण्डित सदेसहु १ । हरि हरि कथा पढ पुराण जीउ (उ० पता राग रामकली वाणी दशपौडी ५)

[२४] गुरु मुख नाद वेद विचार (उ० पता राग मारूसोहिले म० ३ श० ५ तु० १)

(२५) नानक विचार है सन्त जन चार बेद कहंदे [उक्तपता राग गौडी की वार म०४ श्लोक०१२ कीपौडी]

[२६] नाना ख्यान पुरान जस उत्तम खट दरशन गावह राम । आद ग्रंथ साहिब महल्ला ४]

[२७] वाणी ब्रह्मा वेदधर्म द्रिडहु२ पापतजायावली

(टिप्पणी) (१) बुलाना जो शाकार मनुष्य में होसक्ता है।

(२) ग्रहण करो।

राम जीउ। उक्त पता राग सूही म० ४ छंत शब्द २ तुक १

(२८) शास्त्र वेद पुराण पुकारहि धर्मु करहु खट कर्म द्रिडाया [उक्त पता राग बिलावल अष्टपदी म० ४ शब्द २ तु० ६]

[२९] जो शरण परै तिसकी पति राखै जाए पूँछहु वेद पुराणीहे (उक्तापता राग मारू सोहिलां म०४श०२तु०९

(३०) बिन सतसंग सुख किनैन पाया जाय पूंछहु वेद बिचार (उक्त पता रा० सारंग म० ४ श० ६ तु० ३)

(३१) वेद पुराण स्मृति बुझेमूल । सुखम महिजाणै अस्थूल ॥ चहु वरना को दे उपदेश । नानक उस पंडित को सदा अदेश ॥ उक्त पता रा० गौडी वाणी सुखमनी म० ५ अष्ट पदी ९ तु० ४)

[३२] कई कोट वेद के श्रोते (उक्त पता अष्टपदी १० तु० १

[३३] वेद पुरान स्मृति माहिदेख । ससी अरु नखत्र मैं पेख [उक्त पता अष्टपदी २३ तु० ३]

(३४) वेद पुराण स्मृति सुने बहु बिध करु बिचार (उक्तपता रा० गौडी तिथि म० ५ श्लोक १ की पौडी)

[३५] नानक विचारह संत जना चार बेद कहं दं उक्त पता राग गौडी की वार म० ५ श्लोक ३० की पौडी

(३६) वेद शास्त्र जन धिआवहु तरण को संसार (उक्तपता रा० असा घर १२ म० ५ श० १३७ तु० २)

[३७] वेदशास्त्र को तर्क[१] न लागा तत्त्व जो गुन पछानै (उक्त पता रा० आसा घर ६ म० ५ श० ४२ तु० २

(३८) स्मृति पुराण चतुर वेदह खट शास्त्र जाकउ जपात (उक्त पता रा० आसा छंतम० ५ श० ५ तु० ३

(३९) शास्त्र वेद पाप पुन्य विचार (उक्तपता रा० आसा घर ७ म० ५ श० ५८ तु० २)

(४०) वेद शास्त्र जन पुकारह सुनै नाहीं डोरा[२] (उक्त पता रा० आसा पडताल म० ५ श० १ तु०२)

(४१) वेद व्याख्यान करत साधू जन । भाग हीन समझा नाहीं खल[३] उक्त पता राग टोडी म० ५ घर ५ श० २६ तु० २ ।

(टिप्पणी) (१) वेदों पर तर्ककरना धर्म नही ॥

(२) स्वस्त बुद्धि से हीन कानोसे बैहरा । (३) मूर्ख ।

(४२) स्मृति शास्त्र वेद पुराण। पारब्रह्मका करहि वख्यान ॥ (उक्त रा० गौंड म० ५ चौपदे घर २ श० १७ तु० २)

(४३) चार [1] पुकारहि नातू मानै। खट [2] भी एका बात बखानै ॥ दस [3] अष्टी मिल एको कहा। (उक्त पता राग रामकली म० ५ घर २ श० १२ तुक १)

(४४) संत सभा मिल करहु वाख्यान । स्मृति शास्त्र वेद पुराण (उक्त पता रा. रामकली म. ५ श. ५४ तु० ४)

(४५) अमृत नाम दान नानक को गुण गीता नित बखाणिआ [उक्तपता रा० मारू म० ५ अंजलीआं शब्द ८ तुक ८]

(४६) हरि आज्ञा होए वेद पाप पुंन्न बचारीआ (उक्त पता राग मारू की वार म० ५ डखणे पौड़ी ३)

(४७) चहु [4] महि एको खटमाहि पख्यो दस अष्ट स्मृताए सभ मिल एको एक बखानै (उक्त पता राग भैरो म० ५ घ० २ श० १५ तुक ३)

टिप्पणी (१) वेद। (२) शास्त्र । (३) १८ पुराण (४) वेदादि ।

[४८] पोथी १ परमेश्वर का थान [उक्त पता राग सारङ्ग म० ५ श० ११३ तु० १]

(४९) जो संत वेद कहत पंथ २ गाखरो मोहि मगन अहंतापजाए (उक्तपता रा० कानडा म०५ घर ९ श० ४४ तु०१]

[५०] अजै गंग जलु अटल सिख संगत सभ न्हावै। नित्य पुराण बाची अहि वेद ब्रह्मा मुख गावै [उक्तपता ग्रथ साहिब सवैये म० ५ सवैया २०]

[५१] वेद पुराण जास गुन गावत ताको नाम हियै मों धरूं (उक्त पता राग गौडी म० ९ श० ९ तु० १)

(५२) वेद कतेब कहो मत झुठे। झठा जो न विचारै। जा सभ माहि एक खुदाई कहतहोंता क्यों मुरगी मारे (उक्त पता रा० प्रभाती बाणी कबीर भगत श० ४ तु० १)

[५३] सर्वशास्त्र बहु रूपिआ अन गरुआ अखाडा मंडलीक बोल बोले काछ (उक्तपता रा० मलहार बाणीनाम देव श० १ तु० ३)

[५४] सगलीस्मृति श्रवनी सुनै। करै निंदकवनै नहीं गुनै ॥ [उक्त पतारा० गौड बाणी रविदास भगत श० २ तु० २]

(१) ईश्वरका स्थान। (२) मारगको पहिचानो।

[५५] उठे गळानी जगत विच वरतै पाप भ्रष्ट संसारा॥ वरना वरनन भावनी खहि खहि जलन बांस अगिआरा॥ वेद१ ग्रन्थ गुरु हटहैं जिस लग भवजल पार उतारा (श्री भाई गुरुदासजी की बार १ पौड़ी १७)

[५६] पित्रों वेद शास्त्रादि के प्रताप से गुरु साहिबों को गुरुआई प्राप्त हुई जो दसम ग्रन्थ साहिब जी से प्रगटहै। श्रीगुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज सोढ वंश उत्पत्ति कथन करतहुए संसार सागरकी रचना का वर्णन करते हैं॥ लव औरकुशसे बेदीऔरसोढीओंकीउत्पत्तिइसप्रकारबतलातेहैं॥ अब मैं कहुं सु अपनी कथा। सोढ बंस उपजिआ जथा॥

दोहा—

प्रथम कथा संछेप ते कहौं सुहित चित लाय।
बहुर बडो विस्तार कै कहिहों सभो सुनाय॥

चौपाई— प्रथम काल जब करा पसारा। ओअंकारते सृष्टि उपारा॥ शेष नाग पर सोएवो करै। जग तह सेव साई

टिप्पणी (१) गुरू का धन।

उचरै ॥ एक श्रवनते मैल निकारा। ताते मधुकैटभ तनुधारा।
दुतीय कानते मैल निकारी। तातों सृष्ट भई यह सारी ॥
[श्रीगुरु दसम पातशाही ग्रन्थ साहिब विचित्रनाटक ग्रन्थ अध्याय २ कविता अंक ८ और ९-१२-१३]

श्रीगुरु गोविंदसिंह जी महाराज नें उक्त प्रकार से जगत् रचना कथन करते हुए दक्ष प्रजापति के कन्यादान का महात्म्य और उन्हीसे सूर्य बंशियोंकी उत्पति लिखीहै ॥

तिनके बंस बिखै रघु भयो। रघुबंस जिह जगह चलयो ॥
ताते पुत्र होत भयो अजबर। महारथी और महाधनुरधर ॥
जब तिन भेस जोग को लयो। राज पाट दसरथ को दयो ॥
होतभयो वह महाधनुरधर। तीनात्रिआन बरयो जिह रुचिकर॥
प्रथम जयो तिह रामकुमारा। भरत लछ्छमन सत्रबिदारा ॥
बहुतकाल तिन राजकमायो। कालपाइ सुरपुरहि सिधायो ॥
सिअ सुत बहुर भएदुइ राजा। राज पाट उनहीका छाजा ॥
मद्रदेस ऐस्वरज बरीजब। भांति भांतिके जग्गकियेतब ॥
तहीं तिने बांधेदुइ पुर बा। एक कशूर दुतीअ लहुरवा ॥
अधकपुरी ते दोऊ बिराजी। निरख लंक अमराबति लाजी॥

बहुत काल तिन राज कमायो । जाल कालके अंत फमायो ॥
तिन के पुत्र पौत्र जे बए । राज करत इह जग को भए ॥

दसम पातसाही ग्रंथ साहिब नाटिक ग्रंथ अध्याय २ कविता अंक २० से २५ तक

लव और कुशकी संतान अपने नगरों को छोड कर सनौढ देशको भाजगए और वहां ही एक राजा के दामाद (जमाई) बनराज पुत्र पौत्र सहित कीर्तिवान हुए ॥

भाज सनौढ देस ते गए । तही भूपजी विआहत भए ॥
तिहत पूत भयो जो धामा । सोढीराय धरा तिस नामा ॥
बंस सनोढ ता दिन ते थियो । परम पवित्र पुरुष जु कियो ॥
राज करत भए विविध प्रकारा । देस देस के जीत नृपारा ॥
जहां तहां तिह धर्म चलायो । अँत्र पत्र कह सीस दुरायो ।

(दसम ग्रंथ साहिब विचित्र नाटिक ग्रंथ अध्याय २ कवता अंक २८—२९—३१)

लवं और कुशकी संतानका आपस में महान् युद्ध हुआ लवी जीते और कुशी हार जा उस युद्ध के अंतसे प्रगट है ॥

लवीसर्वजीते कुशी सर्वहारे। वंचजेवली भाण लै लै सुधारे॥
उक्त पता अध्याय १ कविता अंक ५३)
कुशकी संतान युद्धमें हारकर काशीजी को चलगए वेद पढा सोढियों से पृथक वेदी कहलाए।
चतुरवेदपठियोकियो कांसिवासं। घनेवर्षकीनतहांकीनिवासं॥
जिनवेदपठियोसुवेदीकहाए। तिनै धर्म्मके कर्मनीके चलाए॥
(उक्त पता अ० ४ क० १)

जो लव की संतान का राज कररहा था उसने पुर्बला वैर भाव त्याग कुश की संतान को बुलाने के वास्ते प्रार्थना पत्र काशीजी लिख भेजा।
पठे कागदं मद्र राजा सुधारं। अगोआपनो वैरभावं बिसारं॥
नृपंमूक लियं दूतसो आसि आयं। सबै वेदीयं भेदभाखं सुनाय॥ (उक्त पता अ० ४ क० १ और २]
कुशकी संतान वेदपाठी मद्रदेश को चली आई राजा को प्रणाम कर वेदपाठ सुनाया॥
सबैवेदपाठी चले मद्रदेसं। प्रणामं कियो आनकै निरेसं॥
धुनं वेदकी भूपताते कराई॥ सबै पास बैठे सभाबीचभाई॥

पडेमापवेदं जुजरवेद कँथं । रिगं वेदराठियं करेभाव हँथ ॥ आर्थव बेद पठियं । सुणे पाप नठियं ॥ [उक्त पता अ० ४ क० अं० ३ और ४]

वेद पाठ श्रवण कर सोढियों के मूल राजा का हृदय शुद्ध होगया और राजपाट कुशवंस [जो सोढियों से पृथक् वेद पढने से वेदी कहातेथे] उन को दे ऋषि भेषकर वनवास लिया ॥

रहारीझ राजा दिआ सर्वसाजा ॥ लगो वन वासं महां पाप नासं ॥ रिषीभष कीयं ॥ तिसै राज दीयं ॥ हरेखार लोगं तजे सर्वसोगं ॥ घनं धाम त्यागे परं प्रेम पागे [उक्तपता अ० ४ क० अं० ४—५ ६]

कुशवंश क राज को पाकर सोढी का बरदान देते हैं कलियों मैं नानक होकर आऊँगा । तुझे जगत पूज्य परम पदवी [गुरुवाई] दूँगा ॥ जैसे तैने तीन वेद श्रवण कर चतुर्थ वेद पाठ (वेदोंके प्रताप से) राज्यपाट दियाहै वैसे ही हम भी तीन जन्म [श्रीगुरु नानक श्रीगुरु अंगद श्रीगुरु अमरदास [धर चौथेजन्म में सुखदियाहै इसका बदलादेंगे ॥

वेदी भयो प्रसंन राज कह पाइकै ॥ दंत भयो वर दांन हिऐ हुलसाइ कै ॥ जब नानक कल में हम आनकहाइ है ॥ हो जगत पूजकर तोहि परम पदवी पाइ है ॥

दोहा ॥

लवी राज देवन गए वेदी अन किओ राज ॥ भांतिभांतितिन भोगिअन भुअका सकलसमाज॥ चोपाई ॥ त्रितीय वेद सुनबो तुम किया ॥ चतुर वेद सुन भूअ को दिया ॥ तीन जन्म हमहूँ जब धर हैं ॥ चउथे जन्मगुरूतुहि करहैं ॥ उतराजा काननहि सधायो ।इतराज करत सुख पायो ॥ कहां लगे करि कथा सुनाऊँ । ग्रंथ वढनते अधिक डराऊँ [दसम पातशाही ग्रंथ साहिब वचित्र नाटक ग्रंथ अध्याय ४ कविता अंक ७ से १०]

(गुरधर्म वेद पुराणों की सबूती में अधिक प्रमाण)

खालसाकालज अमृतसर के प्रेजीडंट श्रीमान् महाराजा जरनल सर हीरासिंह जी महाराज जी० सी० एस० आई० श्री १०८ महाराजा नाभा पती खालसा धर्म के मुखी आ जी ने संमत १९६१ वि० वैसाख ८ से जेठ ८ तक जैनमत के ढूंडीये और पुजेरों का फैसला पुराणों का अपना धर्म ग्रंथ मानकर किया है ॥ यथा ॥

देखो दुर्गा प्रेस नाभा में आठ जेठके छपे उक्त फैसले का सुफा १ सतर ३ से १० तक ॥ वाजे हो कि ८ वैसाख १९६१ को बजुरिये पुजेरे साधूने शरकार वाला दाम इकबालहुं में पेश होकर छे सवाल तहिरीरी पत्र करके ख्वाहश जाहिरकी कि जबाब इनका ढूंडीये साधूओं से लियाजावे। सरकार वालाको रुवारूहुआ कि "अगरचे जैनीओं से मिलने की हमारे शास्त्र में मुमानत है ,, लेकिन गवरमिंट ईंगलिशआ बहादुरकी तरफ से जो हमें राजा खिताब हासल है इस लिये जो सखस दरख्वास्तकरे उस का सुनना जरूरी है। इस नजर से वास्ते निराणेके सात सभ सद मुकर्रर किये इत्यादि ॥

होना है पौडी और डखडा चौपाई जितने होते हैं और शब्दों के प्रथम घरहोते हैं ॥ यथा घर दो से बारांतक सां ताल समझने जो रागों में होने हैं ॥ छंतको छन्द समझना इत्यादि और देखने से पता लगजाता है ॥

गुरु साहिबों को जो बाणी स्वीकार थी वोही ग्रंथ साहिब में दर्ज की जो नहीं स्वीकार थी वोह नहीं दर्ज की ॥ यथा ॥

(१) कान्हा भगत जी की वाणी का प्रारंभ ॥

॥ मैं ओही कान्हा ओही ॥ जाको बेद पुराण यसगावें खोज खोगे मतकांई ॥

(२) छज्जू भगत जी की बाणी का प्रारंभ ॥

॥ कागद संदी पूतरी तउन त्रिया निहार ॥ ऐसे मार ले जाएगी। जिऊं बिलोचदी धाड़ ।

(३) पिलों भगत की बाणी का प्रारंभ ॥

असानालों सोभले जेहडे जंमदिआं मरे ओन चिकडे परनै वोडिआन अलूद भरे ॥

(४) शाह हुसैन भगतकी वाणी का प्रारंभ ॥

चुपवे अडआ चुप ॥ अन्थे बोलणदी नहीं जावे अडिका ॥

[नोट] मित्रों गुरू साहिब ने उक्त भगतों की बाणी को स्वीकार नहीं किया इसकारण श्री गुरू ग्रंथ साहिबजीमें दर्ज नहीं हुई जो वाणी गुरुग्रन्थ साहिब जीमें अथसे इति पर्यंत दर्ज है वोह मानने के लायक और प्रमाणीक है और आद ग्रन्थ साहिब को मैं अपने धर्म्म पुस्तकों के शब्दस भजन पुस्तक समझता हूं ॥ जोकर्म उपासना ज्ञान और भक्ती आदि का हिन्दू धर्म्म पुस्तकें [वेद पुराणों के] अनुसार उपदेश करता है ॥

फलकारण फूली वनराय। फललागा तब फूलवलाय।
ज्ञानहिं कारण कर्म अभ्यास। ज्ञानभ्या तो कर्महि नास॥

[श्रीगुरु आद ग्रन्थ साहिब राग भैरों वाणी नामदेव शब्द १. तुक ५]

[नतीजा] जोगुरु मतावलंबी हिन्दू धर्म्म अनुसार व्यवहार करताहै वोह गुरुमुख [आस्तिक] जो हिन्दू धर्म्मसे विरुद्ध करता है वो मनमुख [नास्तिक] क्योंकि श्री भाई गुरुदास जी उपदेश करते हैं लोक व्यवहार औरवेदविचार [विधि सहित] कर्म करता हुआ और गुरके ज्ञान [उप देश) में सावधान रहे निश्चय करके उसकी सद्गतिहोगी।

लोकाचारी लोक विच । बेदविचारी कर्म करंदा ॥
सावधान गुरुज्ञान विच । जीवन मुक्त जुगत विचरंदा ॥
[श्री भाई गुरुदास जीकी वार १६पौडी ३]

गुरुदासजी के लिखे श्री गुरुआद ग्रन्थ साहिब जीके उपदेश का नमूना ॥

१. जबलग दुनीआ रहीये नानक कुछ सुणीये कुछ कहीये (राग धनासरी महल्ला १)

(२) जिथे बोलिआ पतगई ऐसो बोलिया परवाण [श्री राग म० १]

[३] वाद विवाद काहुंमोन कीजै [रागमाझकी वारम० १]

(४) पहलों दितैरिजक समाह ॥ पिछों देतै जंत उपाहा राग माझ म० ५]

(५) सिर उपर मात पिता गुरुदेव सफल मूर्ति जाकि निर्मल सेव (धनासरी म० ५)

(६] जेमां होवे जारनी किऊं पुत पतारे ॥ गांई माणक निगालिआ पेट पाडनमारे ॥ जे पिर बहुघर हडणा सत रखनारे [श्री भाई गुरदासजी की वार ३५ पौडी २०]

[७] पर धन परदारा हरीताकै निकट न वसै हरी. (भैरों वाणी नाम देव]

(८) लैके वडी देन उगाही दुरमतका गल फाहा है (राग मारू सोहिले म० १)

(९) लोक धीकार कहैं मागत जन ॥ मागत मानन पाया (राम कली म० १)

(१०) परदर्वहरणंवहु बिघनकरणं (श्लोकमहसक्रतीम०५)

(११) शर्म धर्म दुइनानका जे धन पलै हौए (मल्हार की वार म० १)

[१२] इक्क पराया नानका उस सुअर उस गाए [राग] माझकी वार म० १]

(१३) राजे धंर्म्म करें परथाए (मारू सोहिले म० १)

(१४) सूरा सो पहचानीये जो लरै दीन के हेत ॥ पुरजा पुरजा कट मरै कबीन छाडे खेत (मारू कवीरजी)

(१५) नहविलंव धर्म्म ॥ लिलंव पापं (श्लोक सहस्र किरती म० ५)

(१६) जौ गृहु कराहि धर्मकरू नहींतकरू बैराग [श्लोक २४३ कबीर जी]

सूचना.

हमारे गुरूमतावलंबी भाई चतुर वर्णों से हीन पुरुषों की संगत से अपने हिन्दू भाई (चारवर्णों के इको भाइयों) पर तर्क करते हुए गुरु रक्षक हिन्दू धर्म से पतित होरहे हैं इस कारण हमें बड़ा शोक है । ग्रंथ साहिब के शब्दों से हिन्दू धर्म के सिद्धान्त (ईश्वर अर्थात् अकाल पुरुषका राम कृष्णादि अवतार ! मूर्ति पूजन तीर्थ स्नान, व्रत, श्राद्ध, वर्णव्यवस्था, वेदका मानादि) को खण्डन कर रहे हैं हम उनहीं सिद्धान्तों को श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजीके शब्दों से मण्डन करते हैं " नतीजा ,, नवीन सिंहों की छेडछाड से उक्त खण्डन मण्डन के कारण श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी परस्पर विरोध में आकर झूठा सिद्ध होगा ।

(प्रश्न) नवीन सिंह इस पुस्तक द्वारा शिक्षा तो अवश्यमेव पाजाए अगर उन में यह हठधर्म्मी न हो यथा सिंह रहितवान (कछ कडा कंघा केस करद) धारण वाले का कहा सुनना और मानना औरों का नहीं ॥ दृष्टांत ॥

सोएहुए को जगाना आसान है जागते ही सोजाए उसका जगाना कठिन है ।

इस प्रकार नवीन सिंह जानते बूझते हुए गुरु साहिब के रक्षक हिन्दू धर्म से विरुद्ध हो मन मुखता को प्राप्त हो रहे हैं जो उनके बचावके लिये; इस पुस्तकमें शिक्षा पूर्णरीति से है यदि हठधर्म्मी न हो।

(उत्तर) मित्रो ? गुरु साहिब आदि ग्रंथ साहिब जी को गुरु स्थापित करगए ग्रंथ साहिब का वचन मानना गुरु साहिबों का हुकम है। सो आदि ग्रंथ साहिब में महात्मा की वाणी और हरेक से शिक्षा दायक गुण ग्रहण करने के लिये हुकम है॥ यथा॥

(१) महा पुरुष का बोलिया होवे किथे पर थाए (आदि गुरु ग्रंथ साहिब राग सूही महल्ला ३)

(२) परथाए साखी महा पुरुष बोलदे साझी सगल जहाने (आद ग्रंथ साहिब)

(३) वाणी महा पुरुषन की निज घर वासा होय (आद ग्रंथ साहिब)

(४) वाणी मंत्र महापुरुषन की (आद ग्रंथ साहिब)

मित्रो ? जब गुरु साहिब का उक्त वचनों द्वारा हर एक महात्मा के वचन मानने का हुकम है तो कछ, करद कंघा

केस कड़ा धारण वालों का ही कहा सुनना और मानने में नवीन सिक्खों की श्री गुरु आद ग्रंथ साहिब जी से बिरुद्ध हठधर्म्मी साबित होती है।

गुणा की रास संग्रह अव गुणा कढे विडार (आद ग्रंथ साहिब राग मारू की बार महल्ला ३ श्लोक)

शिक्षा जो होतीहै सो गुणोंकी हुआकरती है हिन्दू धर्म्म गुणों की खान है जिसको सदैव दृढ रखने के लिये श्रीगुरु तेग बहादुर जी ने दिल्ली सिर दिया।

(प्रश्न) गुरु मतावलंबी नूतन पुरुष स्वामी दयानन्द जी के कल्पित मत की शिक्षा मान गुरु रक्षक धर्म्म की निन्दा करते हैं।

(उत्तर) मित्रो गुरु मतावलम्बियों को श्री स्वामी दयानन्दजी के कल्पित मतकी शिक्षा कदापि नहीं माननी चाहिये क्योंकि उक्त कल्पित मतका धर्म्म ग्रंथ गुरुसाहिबोंकी और ग्रथ साहिब की निन्दा करता है।

(१) नानकजीको कुछ अभिमानथा तो मान प्रतिष्ठा के लिले कुछ दंभभी कियाहोगा (सत्यार्थप्रकाश सं० १९४८ वि० अजमेरमें ४वार छपेकी पृष्ट ३५६पंक्ती २२और २३)

(समीक्षा) श्रीगुरु नानक देव जी को दंभी लिखाहै जिसका अर्थ झूठा ॥ फरेबी ॥ ठगादि हैं ॥ जो उक्त उपालंब श्रीगुरु नानक देवजी के व्यवहार और बाणी से गुरु नानक देवजी पर घटित नहीं हो सक्ते ॥

(२) हां उन ग्रामीणों के सामने कि जिन्होंने संस्कृत कभी सुना नहीं था संस्कृत बनाकर नानकजी पण्डित बनगए होंगे [उक्त सत्यार्थ प्रकाश पृष्ठ ३५६ पंक्ती १८ और १९]

[सामीक्षा] उक्त लेख में गुरु संप्रदाय को ग्रामीण जिसका अर्थ मूर्ख है ऐसे लिखा सर्बथा अयोग्य है क्योंकि गुरुमत में अनेक बडे शहरों के पुरुष शिष्य थे ॥

[३] नानक जी के सामने कुछ उनका संप्रदाय व बहुत शिष्य नहीं हुएथे क्योंकि अविद्वानों में यह चाल है कि मरे पीछे उनको सिद्ध बना लेतेहैं [उक्तसत्यार्थप्रकाश पृ: ३५७ पंक्ती ९ और १०]

[समीक्षा] उक्त लेखमें गुरुमत को अबिद्वान् जिसका अर्थ मूर्ख है ऐसे लिखा जो सर्बथा अयोग्य है क्योंकि गुरुमत में बड़े २ विद्वान पूर्वज थे और अब हैं ॥

[४] छोटे कुलों में से शिवाजी गोविन्द सिंहजीने खडे होकर मुसलमानों के राज्य को छिन्न भिन्न करदिया [उक्त सत्यार्थ प्रकाश पृष्ठ २७६ पंक्ती १४ से १६)

(समीक्षा) उक्त लेख में श्रीगुरु गोविंद सिंहजी महा राजके कुलको हिकार्थकी नजर से छोटा लिखा जो सर्वथा अयोग्यहै क्योंकि गुरूकुल जगतमें पूज्य और सबसे वडाहै॥

(५) फिर आगे चला तो सबमत वालोंने अपने २ को सच्चा कहा कोई हमारा कवीर सच्चा ॥ कोई नानक ॥ कोई दादू ॥ कोई वल्लभादि इन में कोई गुरुकरने योग्य नहीं क्योंकि एक २ की झूठ में नौ सौ निन्न्यानवे गवाह होगए जैसे झूठे दुकानदार वा वेश्या जौर भडुआ आदि अपनी २ वस्तुकी वड़ाई दूसरे की वुराई करते हैं वैसेही यह जान [उक्त सत्यार्थप्रकाश पृष्ठ १८० पंक्ती २९ से पृष्ठ १८१ पंक्ती २ तक]

[समीक्षा] उक्तलेख में श्रीगुरु नानकादि मतोंकोझूठे दुकानदान और वेश्या भडुवों के शद्दस लिखा जो सर्वथा अयोग्य और लिखने वालेकी मूर्खता को प्रगट करता है क्योंकि श्रेष्ठ पुरुष ऐसे अपशब्द नहीं बोलाकरते ॥

[६) वेद पढ़तब्रह्मा मरे चारोंवेद कहानी ॥ सुखमनी पौडी चोपई८ [उक्त सत्यार्थ प्रकाश पृष्ठ३५६ पंक्ती२८]

[समीक्षा] उक्त लेख ग्रन्थ साहिबजी के नामसे शब्द भी झूठ और पताभी गलत क्योंकि सुखमनी साहिब में पौडी और चौपाई नहीं अष्टपदी और श्लोकहैं ॥ मित्रो उक्त कल्पित धर्म्म पुस्तक का अभिप्राय यह है कि गुरुमत में १० गुरु साहिबों के पश्चात् गुरुग्रन्थ साहिब है सो उस से भी लोगोंकी श्रद्धा हटाएं ॥

इत्यादि और अनेक लेख हैं सो अब सत्यार्थप्रकाश गुरुपुत्रोंमेंभी छपगयाहै गुरुमतानुलम्बी उसको देखकर उक्त कल्पितमतसे बचे जो गुरुमतसे "संधिविग्रह,, अर्थात् बाहरसे प्रीति अन्तःकरणसे वैरभाव इस रीतिसे वर्त्ताव करता है ॥

[प्रश्न] पण्डितजी इस पुस्तक "नवीन सिंह शिक्षा,, से गुरुमतावलम्बी गुरु मुखों को तो अवश्यमेव सिक्षाप्राप्त होगी ॥ जो लोग मनमुख कडाह प्रसाद (तिहौले) के चावमें उछल कूदरहे हैं वोह पुरुष गुरुमुखी ही जानते हैं इस कारण उनको कोई शिक्षा नहीं प्राप्त होसक्ती ॥

(उत्तर) प्यारेखालसा भाई आपका कथनयथार्थ और

सत्य है सो उक्त पुरुषों को शिक्षा पौंहचाने के लिये गुरु मुखी बाराखरी (पैंती) के साथ भाषा की बाराखरी (पैंती) लिख देताहूं जिसमे एक दिन में अभ्यास और परिश्रमकर इस पुस्तक (नवीन सिंह शिक्षा) का पठन पाठन कर शिक्षा पासकें ।

(मिश्रत बाराखरी)

उ अ इ स ह ॥ क ख ग घ ङ ॥ च छ ज झ ञ ॥

ट ठ ड ढ ण ॥ त थ द ध न ॥ प फ ब भ म ॥

य र ल व ड़ त्र ॥ अ आ इ ई उ ऊ ए ऐ ओ औ अं अः ॥

ा ा ि ी ु ू े ै ो ौ ं ः ॥

म्र क्र स्र ट्र घ्र ॥ क्ष स्य प्य ह्ज ध्य ॥ प्र स्व क्व ॥

इत्यादि दुत्त समझना सो गुरमुखी में थोड़ेही होते हैं ॥

"इति ६ अध्याये,,

अध्याये १०

॥ इस अध्याये में धर्म्म रक्षार्थ देश दिशाओं में भ्रमण और नवीन सिंहों की दुरदसा और प्रशंसा पत्र हैं।

मित्रो जबसे मुझे श्री भारत धर्म्म महामण्डल उत्सव १२ दिल्ली १४ अगस्त सन१९००ई० से उपदेशक पदवी मिली है अनेक स्थानों में धर्म्म उपदेश किया ॥ यथा ॥

इन्द्र प्रस्त (दिल्ली)॥ १ खास दिल्ली उत्सव १२ श्रीभारत धर्म्म महामण्डल १४ अगस्त सन् १९०० ई० जिसमें मए राजगान सर्व देश दिसाओंके हिन्दू इकठे हुए थे।

जिला अम्बाला ॥ २ रोपड़ ३ घनौली ४ कुराली ५ मोरंडा ६लांडरे ७ वरामपुरबेट ८वहरामपुर नदमासां ९ अलीआं ॥ १० सुहाना।

जिला लुदेहांणां ॥ १० जगरामा ११ कमालपुर

जिला जालंधर ॥ १२ नभा शैहर १३ राहों१४ औढ़ १५ ब्यास पिंड १६ पधाना १७ वीका १८ मुकंदपुर १९ जगत पुर २० साहवा २१ खांनखाना ॥

जिला हुस्यारपुर ॥ २१ हुस्यारपुर २२ मंढ़ेदिवाला २३ अरगोवाल २४ पंजौहड़ा २५ व छोड़ीआं २६ साधड़े ।

जिला गुरदासपुर ॥ २७ गुरदासपुर २८ बहरामपुर २९ वटाला ३० श्री हरगोविंदपुर

जिला अमृतसर ॥ ३१ अमृतसर ३२ रयराम ३३ अजनाला ३४ छेहरठा ३५ तरनतारन ३६ नूरदी आदक पांचग्रांम ३७ झबाल ३८ पंजवड़ ३९ सोहल ४० नुशैहरा पुनूंआ ४१ कैरों ४२ सरआली ४३ खेरदा ४४ फतीआबाद ४५ गोयंदवाल ४६ जलालाबाद ४७ वेरका ४८ फतहगड़ चुड़ीआं ४९ जेठूवाल ५० मलणविंडी ५१ चवींडा ५२ कथूनंगल ५३ गुरुका जंडेआला ५४ गुनोवाल ५५ मजीआं ५६ तिमोंवाल ५७ छजलवधी ५८ वीसिफका ५९ खेरदा कोट ६० रशूलपुर ६१ छापा ६२ वला ६३ सुलतानविंड ६४ फतहपुर ६५ मांगना ६६ ठठगड़ ६७ जगतपुर ६८ वासरकी ६९ ढंड ७० कगेल ७१ भगना ७२ चिचा ७३ रणगड़ ७४ अटारी ७५ नेष्टा

(जिला लहौर)

७६ मुरसिंह ७७ पट्टी

(जिला फिरोजपुर). ७८ खास फिरोजपुर

(जिला गुज़रावाल) ७९ खास गुजरा वाला।

८० हाफजाबाद।

(जिला रावल पिंडी) ८१ रावलपिंडी ८२ गुजरखान ८३ गल्याना ८४ मुखो ८५ दुरताका ८६ घुघरीला ८७ हरनाल ८८ वशाली ८९ वंदा ९० ढला ९१ सागरी ९२ कलर ९३ कहुटा ९४ थोआ ९५ नारा ९६ दुधेरनी ९७ धमाली ९८ चोआभगता ९९ वंवल १०० देहरेआलो १०१ काजीआं १०२ धंगदेसेसरान १०३ अटक १०४ हसना अवदाल (पंजा साहिब) १०५ हजरो॥

(जिला पिशावर) १०६ पिशावर १०७ गढ़ी कपूरा १०८ छौनी मरदान १०९ छौनी नुशैहरा ११० लूंन खोर १११ नुशैहरा कलां ११२ होती ११३ मरदान विकट गंज॥

(जिला कुहाट) ११४ खास कुहाट

(रिआसत पटेआला) ११५ सनौर ११६ संघोल ११७ खमाणे ॥

(रिआसत नालागढ़) ११८ खास नालागढ़ इत्यादि १२० स्थान ॥

नोट मित्रो उक्त स्थानों में लोगोंके प्रेमसे एक २ जगह दस २ और पांचदिन लगातार उपदेश हुए और आर्या समाजीओं से वीस वाईस वार और नवीन सिंहों से साठ सत्तर वार शास्त्रार्थ हुआ जिनके सर्वत्र कागज़ात मेरे पास मौजूद हैं ॥ पुस्तक बड़ने के भियैसे नही लिखता तथापि प्रशंसापत्रों में अलप (तीस) प्रशंसा पत्र दिखलाता हुं।

(१) पुराचीन श्री भारतधर्म महामण्डल
का संस्कृत प्रशंसापत्र ॥

श्री भारत धर्म ॥ महामण्डलस्य प्रशंसा पत्रम् ॥ महामण्डल दिल्लीकी मोहर ॥ भारतवार्षीय सकल सनातन सद्धर्मसभा प्रति निधि भूतं भारत धर्म्म महामण्डलं रोपड़ वास्तव्यं श्री पृथ्वीचन्द पुत्रं सुखलाल शर्म्माणं सनातन

धर्मोपदेशक मालोक्य प्रसीदन्त, भारतं परमुप कुर्वन सनातन धर्म्मा ग्राहिणां मान्यो मिनि निश्चिनोति । तदेतत् प्रमाण यति नंबर २२ भादुवदी ४ संमत १९५७ ॥ अगस १४ सन १९००ई० ॥ दसखन दीनदयाल शर्म्मा महामंत्री ॥ और प्रशंपत्र के ऊपर अंग्रेजी में श्री महाराजा दुरभंगा जी के हस्ताक्षर ॥ १ ॥

रजीष्टरी सुदा श्री भारतधर्म्म महामण्डल के प्रशंसा पत्र

(२) श्री भारतधर्म्म महामण्डल प्रधान कार्यालिय मथुराके उपमन्त्रीका अंग्रेजीपत्र नंबर २८८४ तारीख ६-८ ०१ श्री भारतधर्म्म महामण्डल प्रधान कार्य्यालिय मथुरा ॥

प्यारे मित्र मुझे आपका ३ अगस्तका पत्र पहुंच गिया है आज आपका नाम फरहिस्त उपदेशक में दरज किया गिआ है आपका नाम १८ नंबर परहै ॥ पूरा पूरा जवाब अगर मनाशब ख्याल किया गिया तो पश्चात हिन्दी में भेजा जावेगा ॥ आपका शुभ चिन्तक ॥ उप मन्त्री श्याम शंकर ॥—२ ॥

(३) उक्त मंडलके मनेजर अमृतलाल शर्म्मा का भाषापत्र नं० ६४६ ता० २८—७—०३ श्री भारत धर्म्म महा मण्डल प्रधान कार्य्यालिय मथुरा ॥

पत्र के साथ श्री भारत धर्म्म महामण्डल के उपदेशकों की फहरिस्त है जिसमें नं० १६ पं० सुखलाल जी रोपड़ जिला अम्बाला उपदेशक ॥ येह लेख है ॥ ३ ॥

[४] श्रीभारत धर्म्म महामण्डलका इखबार भाषा ॥

श्री भारत धर्म्म महामण्डल का मासिक पत्र निगमागम चन्द्रिका भाग ९ संख्या ५ पृष्ठ १३२ पंक्ती २४ से ३१ तक ॥ पंजाब अम्बाले की धर्म्म सभा ने अपना छःमाही उत्सव बड़े ही उत्साह पुर्वक मनाया ॥ १ जनवरी सन १९०४ ई० की चिट्ठी से विदत होता है कि महामण्डल की इस शाखा सभाने अपने छः माही उत्सव में जैसा समारोह कियाथा बहुतेरी धर्म्म सभा अपने वार्षिकोत्सव में भी इस प्रकार धूम धाम करने में असमर्थ हैं ॥ उत्सब मे महामण्डल के उपदेशक पण्डित सुखलाल जी पण्डित वासदेव जी शर्म्मा तथा पण्डित हरिनारायणजी की प्रभाव शाली वक्तृताएं हुई धर्म्मोत्साहका पार नरहा ॥ सभा स्थल मेही महामंडल के कुछ साधारण में वरनने ॥ ४ ॥

(५) पंजाब मण्डल (लहौर) के सकटरी का उर्दू पत्र

नंबर १ पंडित सुखलाल जी महाराज उपदेशक जै

धर्म्म की आपका कृपा पत्र मए सनदात आया बाद मुला हाज़ा सनदात मुनासव जानकर आपकी सिफारिस की जावेगी ॥ न्याजमंद संतराम कलर्क ११ फरवरी सन १९०२ ई० वाई आडर डाक़टर बालकृष्ण साहिव कौल ॥ सैकटरी महामण्डल ॥

(६) पंजाव मराडल (लहौर) के अनरेरी मुहररका उड़दू पत्र ॥

१०-८--०५ अज लहौर मिनजानब कर्मचन्द शर्म्मा मुहरर श्री पंजाब महामराडल ॥ श्रीमान् पंडित सुखलाल साहिव उपदेशक भारत धर्म्म महामंडल जै श्री कृष्णजीकी आपको लिखाजाताहै कि आप लहौर में दफतर श्री पंजाव मराडल दरवाजह शाह आलमी मंद्र भाई नंदगोपाल में फोरन आजामें आपको पंजाव मराडलका उपदेशक १२) माहवार पर किया जावेगा ॥ खर्च रेल वगैरा का मंडल का होगा अगर कुछ फैसला करना होतो यहां आकर कर लेना मैंने आपकी सिफारिस की है और आपमेरे ख्यालमें लायकही है ॥

कर्म्मचन्द अज़ लहौर ॥ ६ ॥

श्री भारत धर्म्म महामण्डल पद्धारी उपदेष्टाओंके प्रशंसापत्र

(७) महामंडल के महा महोपदेशक श्रीमान् पंडित रघुबर द्याल वेदान्त भूषणजीका भाषापत्र ॥

श्रीमान् सुखलालजी उपदेशक भारत धर्म्म महामण्डल प्रणाम श्री जो आपने नवीनसिंह शिक्षा ग्रन्थ संग्रह कीया है इसको अवलोकन कर के मुझे यह निश्चित हुआ है कि यह ग्रन्थ यदि मुद्रित होजाए तो हिन्दू मात्रके सनातन धर्मकी रक्षा में पूर्ण उपयोगी होगा क्योंकि इस में दश बादशाही गुरु साहब पूर्ण वेद धर्म्म सनातन के अनुसरण शील दृष्ट पडते हैं क्योंकि अवतार का प्रयोजन धर्म्म रक्षा है सो वह गुरु साहबों के वाक्यों से सिद्ध होतीहै आपने परिश्रम तो महान् किया है परंच मेरी संमति यह है के यह ग्रन्थ मुद्रित होणा चाहिये मुद्रित होणे से अस्मदादि अनेक जीवों का उपकार होगा और भूले हुये जीव सीधे रस्ते पड जाएगे और जिन पुरुषों के ख्याल में यह भ्रांति है के गुरु साहबानों ने वेद धर्म्म से अतिरिक्त अपना धर्म्म प्रचार किया है वह भ्रांति उनकी भी दूर होजाएगी बलकि अब के समय में अल्पज्ञ पुरुष गुरु साहबों के वाक्यों का

वेद से भिन्न धर्म्म में अभिप्राय निकाल कर उनको खंडित करते हैं न के प्रशंसा करते हैं आप की सेवा में मूर्त्ति मार्त्तंड भेजाजाता है लाला शादीलाल साहिब को आशीर्बाद सं० १९५८ आश्विन व० १० गोस्वामि रघुवरदयालु कपूरथला ॥ १ ॥

(८) महामण्डलके महोपदेशक श्रीमान्

पण्डित गणेशदत्त शास्त्री जी का भाषा पत्र

श्री हरिः ता—२१—९—०४॥ नवीन सिंह शिक्षा नामक पुस्तक श्रीमान् पं० सुखलाल जी उपदेशक ने निर्माण करके समस्त भारत वासियों का अतुल उपकार किया है सिख संप्रदाय जो अपने ताईं हिन्दू नमानकर सिख जाति को हिंदूओंसे पृथक मानने लगे है उन के इस भ्रमको दूर कर ग्रंथ साहिब आदि १० गुरुओं के वाक्यों से अच्छे प्रकार हिन्दू साबित किया गया है येह पुस्तक परतेक पुरुष को उपयोगी और संग्रह करने योग है लिखने की शैली सुन्दर और युक्तियां उतम प्रकार से दिखलाई गई हैं॥ उक्त पंडित जी के इस परिश्रम को देखकर मैं अत्यंत प्रसन्न हुआहुं। क्योंकि श्री भारत धर्म्म महामण्डल के

१२ बाहरवें प्रस्ताव ईन्द्रप्रस्त (दिल्ली) की पूर्त्ति इस ग्रंथ द्वारा अच्छे प्रकारकी गई है इस से पंजाबकी बहुतेरी धर्म्म सभाओं का बहुत ऊपकार हुआ है इस परिश्रम के लिये श्री भारत महामण्डल पण्डित सुखलालजीका सनमान करना उचित प्रतीत होता है।

ह० गणेशदत्त महोपदेशक। श्री भा० ध० म० मंडल मथुरा ॥ मु० वहरामपुर जि० गुरदासपुर ॥ २ ॥

(२) महामंडल के महोपदेशक श्रीमान् पं० दुर्गादत्त पंतजी का भाषापत्र ॥ श्री सुखलालजी उपदेशक रोपड़ निवासीनें जो पुस्तक नवीनसिंह शिक्षा नामक मुझेदियाहै यथार्थ में आप नै वड़ा परिश्रम किया है। आप ने गुरुग्रंथ साहिब से मूर्त्तिपूजा ॥ श्राद्ध ॥ वेद माहिमा ॥ पुराण प्रतिपादन ॥ दान॥ ब्राह्मण महत्व ॥ तीर्थ प्रतिपादनादि विषय सिद्ध करके सिखोंको हिन्दू सिद्ध किया है आपको ग्रंथ साहिब का विषय अति उत्तम आताहै मेरे ध्यानमें अन्य कोई उपदेशक इस विषय को नहीं इतना जान सक्ता जितना उक्त महोदय को मालूम है ॥ इन्होंने श्री भारत धर्म्म महामण्डलें दिल्ली वाले महोत्सव के १२ मन्तव्य के उपर

यह ग्रन्थ निरमाण कियाहै इस हेतु मुझे हर्ष है महामण्डलके अधिकारीयों को अवश्य आपका सतकार करके आपको पुरस्कार देना उचित है जिससे आपका उत्साह बड़े । अलमिति । भाद्र शुक्ला १२ सं० १९५९ वि० ॥ दुर्गादत्त पंत महोपदेशक श्री भारतधर्म्म महामण्डल ॥ मु० राहों जि० जालंधर । ३ ॥

[१०] महामण्डल के उपदेशक श्रीमान् पं० सादी रामजी का भाषापत्र ॥ प्रशंसा पत्र मिदम् । श्रीमान् श्री ५ पंडित सुखलालजी महाराज आप ने गुरुओंके ग्रंथोंको बहुत अच्छीतरहसे परामर्श किया है और आप मेरी रायमें महोप देशक और उपदेशकोंमें एकमात्रहैं गुरु घरके ग्रंथ जानने में इस लिये मैं आपका धन्यवाद करता हुआ येह पत्र समरपण करताहुं ॥

ह० पं० सादीराम शर्म्मा उपदेशक महामण्डल मुकाम देहली मण्डप उत्सव १२ महामंडल ११ अगस्त सन १९०० ई० ॥ ४ ॥

[११] महामण्डल के उपदेशक श्री मान् पं० लज्जाराम जीका भाषा पत्र ॥

श्री मान् पंडित श्रेणीषु मान्यवर सुखलाल महोप देशक चर्ण कमल योः लब्धरामेण कृताः कोटिशः नतय सान्तु महाराज जी मैंने श्रवण कीया है के आपने पुस्तक नवीन सिंहशिक्षा का तय्यार कीयाहै आपने पत्र के देखते ही फिल फौर टिकट लगाकर पुस्तक भेज देणा निहायत तागीद है क्यों के मेरा शास्त्रार्थ हरदम नवीन पंथियों से रहता है आपका उपकार होगा मेरा पता येह है खास जलालपुर जट्टा जिला गुजरात सनातन धर्म्मोपदेशक लब्धराम। सं० १९६१ वै० २। ५।

(१२) महामण्डल के उपदेशक श्री मान् पं० हीरालाल जीका भाषा पत्र।

परम प्रिय धर्म्म परायण सज्जन गणाग्र गण्य पं० सुख लाल जी प्रणाम पूर्वक निवेदन है। हम यह जानते हैं आपके नवीन सिंह शिक्षा लेख से पंजाब प्रांत में भ्रान्त सिंहों के लिये पंडितो द्वारा उपकार की वहुत कुछ आशा करी जाती है क्योंकि नागरी में सनातन धर्म्म वोधक शब्द इस ढंगपर संग्रहित नाहिथे इस से विद्वान ग्रंथ साहिब के मर्म भूतधर्म्म वोधक शब्दों को यथा साध्य नहीं कहसक्ते थे पौषवदी १

सं० १९६० वि० आपका हीरालाल शर्म्म मंत्री सनातन धर्म्म सभा जालंधर ॥ ६ ॥

नोट ॥ इसी प्रकार महामण्डल के और उपदेशक पं० रामचन्द्र वेदान्ती दिल्ली श्री पं० ज्वालाप्रसादमिश्र मुरादाबाद ॥ श्रीमान् पं० गोपीनाथशर्म्मा लहौरादियों के पत्रहैं

❋ देस दिशाओं के पंडितों के प्रशंसापत्र ❋

(१२) श्रीमान पं० रामप्रसाद वैद्यराज उपदेशक सनातन धर्म्मसभा कालका।जी का संस्कृतश्लोक वध्यपत्र ॥

सत्यश्री गुरूग्रन्थेभ्यो गुरूवाक्य प्रदर्शयन् । नवीनसिंह शिक्षेत्ति ग्रन्थनिर्मापिनोयत्तः ॥ १ ॥ गुरूविद्यारत्नो उपाधि श्रीसुखलालशर्म्मणे । निवासिने रोपड़स्य अत्तोदत्ता सुसज्जनैः ॥ २ ॥ सर्व देशेषु वैपुसा सुपकारो महानयम् । जातःशङ्कार्णवेमग्नान जनानुद्धार यन्निव ॥ ३ ॥ एकोन विंशति शत द्विषष्टिमितवत्सरे । चैत्रशुक्लचतुर्दश्यां तथा च भौमवासरे ॥ ४ ॥ अस्य प्रशंसापत्राणी पश्यञ्चाद्यमहुर्महुः सियारामप्रसादेन पिण्डिस्थाने लिपिकृतम् ॥ ५ ॥

द० रामप्रसाद वैद्य ॥ उपदेशक सनातम धर्म्मसभा कालका जिला अम्बाला ॥ १ ॥

(१४) श्रीमान् पं० भाई मानसिंहजी अंमृतसर निवासीका भाषा पत्र ॥

स्वाति श्री गुणि गणाग्र मान्यवर महाशय श्री मच्छ्री सुखलाल शर्म्मन् प्रणामानंतर सविनय प्रार्थनाहै की आपका सुरचित "नवीन सिंह शिक्षा" पुस्तक देखकर श्री गुरु मत्सनात्तन धर्म्मका हृदय में अपूर्व अंकुरोत्पन्न करता है "अहह" जो भोले भाले सिंहोंनै एक मनमत्तीयों के फंदेमे फासकर श्रीगुरु धर्म्म को एक हिन्दू वैदिक धर्म्म से पृथक् जानने लगेहैं उनके अज्ञान अंधकार दूर करने को उनही १० दशगुरु महात्माओं के चरित और बचनोंरूपी दिवाकर है इस्से आपके परिश्रम का मैं अनेक शः धन्यवाद करताहुं ईश्वर आपको सदैव इस धार्मिक परोपकार में दृढ़ चित्तरक्खे । अलम् ॥

ह० भानुसिंह शर्म्मा श्रीअंमृतसरजी अषाड़ प्र० ११ सं. १९५९ वि० ॥ २ ॥

(१५) श्रीमान् पंडित गंडारामजी सावा जिला जालंधर निवासीका भाषापत्र ॥

स्वातिश्री सर्वोपमा योग्य धर्म्मोपदेशक श्रीयुत पण्डित

सुखलालजी लोष्यितो साहबे से पण्डितं गंडारामीयः कोटि शः तनयः संतुशुभम यत्र चास्ते अग्रे मनुज भाषायं द्दतमिदं बोध्यं।प्रथम तो मैं धन्यबाद करताहुं उस परमात्माका जिस अंतर्यामिने कृपा द्रष्टि से आपको हमारे नगरों में प्रेरके प्रेषित कीया ॥ द्वितीय धन्यबाद मैं भी आपका करताहुं जो हमारे बुलाबले से हमारे पधारे और सनातन धर्म्म कीजिय करके दखलादी नवीन सिंहों को निरूतर करके ॥ इस वास्ते मेरी दृष्टी में येह आया कि गुरुमत ग्रन्थों में आपका वहुत अच्छा अभ्यास कीया हुआहै हमने न किसी भाईजी ग्रंथीका और न किसी पंडितका अभ्यास देखा और जो आपन आउंदे तो साधडे़ नगर में बरयामसिंह और गुरबखस से जीतहोणी असंभवथी और जो आप नै नवीन सिंहशिक्षा पुस्तक रचाहै सो वहुत धर्म्मोपयोगी है हमारे जसे अनेक पंडित लोग नवीन सिंहोंको निरूतर करेंगे. ॥ सं० १९५९. आषाड़ प्र. ३

ह. पं. गंडाराम साहबा जिला जालंधर ॥ ३ ।

(१६) श्रीमान् पं. गोविंद राम शर्म्मा भडोग जिला अंबाला का भाषापत्र ॥

श्रीसर्वोपमा योग्य गुणागणालंकृत-पण्डित गोविंदराम का नमस्कार वाचना आप नवीन सिंहों के घेरेको नष्टकरने वाले ब्रह्म वंशमें उत्पन्न हुवे सूर्य्य रूपीहो श्रीमानूजी पुस्तक नवीन सिंहशिक्षा वीपी द्वारा भेजदेना पता भडोग जिला अम्बाला तशील नरायनगड़ ॥ गोविंदरामको मिले ॥ ४ ॥

नोट इत्यादि अनेक पण्डितों के और प्रतिष्ठत पुरुषों के प्रशंसा पत्र हैं जो पुस्तक बडनके भियसे नहीं लिखे जाते ॥

सनातन धर्म्म सभाओं के प्रशंसापत्र ॥

(१७) सनातन धर्म्म सभा रोपड़ का चार प्रकारकी भाषाओं में एक प्रशंसा पत्र है और उक्त सभा नियमा अनुसार कांम करने से अपने विर्षिकोत्सवपर एक महोपदेशक की भेटा देतीथी ॥ पण्डित सुखलाल जी को सनातन धर्म्म सभा रोपड़की तरफसे व तारीख यकम सितंबर सन१८९७ ई०को उपदेशक मुकर्र्रर किया गिया जो कि तमाम मजाहिब से बखूबी वकफयत रक्खते हैं और मद्राम (इलाके में दौरा किया करेंगे ॥ औहद्दे दारानके दसखत ॥ प्रेजीडंट जातीराम ॥ वायस प्रेज़ीडंट कृपाराम ॥ मंत्री पं०

लक्ष्मण दास जोयसी ॥ उपमंत्री उक्त उपदेशकजी थे खजानची पं० रामचन्द्र ॥ पुस्तकाध्यक्ष छजराम कलरक बिहारी लाल सेड ॥ अन्तरंग सभाके १३ पुरुषोंकी तसदीकी ॥

श्री मान चौधरी लाला जाती राम ॥ पं० लक्ष्मण दास ॥ श्रीराम पटवारी ॥ पं० कृपाराम ॥ हकीम चंदूलाल पं० रामचंद्र ॥ ला० हिरालाल सुनार ॥ पं० नरायणदास ॥ ला० अछरूमल्ल ॥ पं० नथूराम ॥ हकीम नानक चन्द ॥ श्री मान् चौधरी सादीराम। पं० तेलूराम ॥ ॥ १ ॥

(१८) सनातन धर्म्म सा मोरंडा का मित्र विलास में छपा प्रशंसा पत्र

देखो साप्ताहिकपत्र मित्रविलास खण्ड २१ संख्या ३८ अक्टूबर २० सन् १८९७ ई० कार्तिक प० ६ सं० १९५४ लहौर में छपी पृष्ठ ८ कालम २ पंक्ती ३२ से ३६ पुष्ठ ९ कालम १ पंक्ती १ से ५ तक ॥

सनातन धर्म्म सभा रोपड़के उपदेशक पण्डित मुख लालजी आचार्य ने अब मातिमास के अन्त में रोपडमात्र में धर्म्म रक्षार्थ बिना वेतन उपदेश देना स्वीकार किया है १४ आश्विन को उक्त पण्डित जी ने कुराली में उपदेश

दिया और १५ को अपनी प्रभावशाली वक्तृता से मोई में सभास्थापनकी ॥ जिस के लिये हम पण्डित जी को धन्य वाद देते हैं ॥ इसप्रकार यदि और प्रधान २ सभाए निज २ प्रान्त में अपने उपदेशकों द्वारा धर्म्म रक्षा करें तो बहुत कुछ उन्नतिकी आशा है ॥ २ ॥

सम्पादक मुकंदराम ॥

(१९) सनातन धर्म्म सभा (क्लब) अमृतसरका गुरुमुखी में प्रशंसापत्र।

श्रीगुरुमत घरमें दुर्गा पुजन पुस्तक गुरुमुखी अक्षर संवत १९५६ ई० आश्विन सुदी दुर्गा ८ पृष्ट ४० जो अपने पृयपुत्र दुर्गाप्रसाद जीके उतपंनहोन की खुशी में रचा छोटाआकार टैपमें छपवाकर सनातन धर्म्म कलबने धर्म्मार्थ बाटा। जिस के अन्त में उक्त धन्यबाद है ॥ जिस पुस्तकका नवीन सिंह अबतक कुछ उत्तर नहीं दे सके ॥

श्रीयुत पण्डित सुखलालजी रोपड निवासी का सनातन धर्म्मकलब श्री अमृतसरकी ओरसे धन्यवाद कियाजाता है के आपने वडी योग्यता और परिश्रम के साथ श्री मत गुरु ग्रंथ को देखकर श्री गुरुघर में दुर्गा पुजन नामक पुस्तक

तैयार कियाहै जिस के लिये कलब बडी कृतज्ञ है और आशा रखती है के आप ऐसेही इस क्लब पर दया दृष्टि रख कर सदाधन्यवादलेते रहाकरेंगे। गोस्वामी पण्डित हरसुख राया मंत्री मनेजींग कमेटी सनातन धर्म्म क्लब अमृतसर ॥ ३ ॥

(२०) सनातन धर्म्म सभा अमृतसरका भाषा प्रशंसा पत्र ॥

जिसने १५) मासिक पर उपदेशक नियत कर छ महीने अमृतसर जिले में धर्म्म उपदेश मेरे से कराया। श्री युत पं० सुखलाल जी उपदेशक श्रीभारत धर्म्म महामण्डल रोपड़ निवासीने श्री सनातनधर्म्मक्लब अमृतसर के उपदेशक नियत होकर ६ मासतक अमृतसर जिले में तथा अन्य सस्थानोंमें (जहां २ क्लबकी ओरसे भेजा गिया) उपदेश का कार्य बडी उत्तम रीति तथा प्रेम से किया इस अरसर में जहां २ उपदेशार्थ पधारे परशंसापाई जो उनकी बाबत वहां २ के श्रोताओं की लिखत सम्मातियों से प्रगटहै उक्त पण्डित जी पुत्र (१) मृत्यु शोक के कारण इसकार्य को छोड़कर अपने घरको जाते हैं। येह बड़े धर्म्मात्मा परिश्रमि श्रीगुरुमत ग्रन्थोंके तत्वबेत्ता और सनातन धर्म्मोंनति में वद्ध

(१) श्रीदुर्गाप्रसादजी ॥

परिकर है। एतएव इन के धर्म्म सम्बन्धी कार्य्यपर प्रसन्न होकर यह प्रशंसा पत्र दियाजाता है कि समय पर काम आवे॥ चैत्र प्र० ११ सं० १९५९ वि० ॥

ह० गोस्वामि हरसुखराय मन्त्री मनेजिंग कमेटी
सनातन धर्म्मसभा उक्त (क्लब) अमृतसर ॥४॥

[२१] सनातन धर्म्मसभा अमृतसरका भाषा में प्रशंसापत्र ॥

मित्रो इस सभा ने " नवीन सिंहशिक्षा पुस्तक उत्तम समझ ५० कापी मोलले धर्म्मार्थ बांटी ॥

गुरु विद्यारत्न श्री पं० सुखलालजी उपदेशक श्रीभारत धर्म्म महामण्डल कृत पुस्तक " नवीन सिंहशिक्षा " नागरी में बहुत उत्तम और उपयोगी समझ कर सनातन धर्म्म अमृतसर ने गत फालगुण प्रविष्टे १३ सं० १९६० वि० की मेनेजिंग कमेटी के पास किये रिजोलयूशन के अनुसार ५० कापी उक्त पुस्तक की धर्म्मार्थ बांटने के लिये मूल्य मंगवाई जो १२ वार्षिकोत्सव पर बांटी जावेगी पं० सुखलाल जीको परमोपयोगी परिश्रम के अर्थ हम हृदय से धन्यवाद देते हैं और आशा रखते हैं कि पंडित जी

इसी प्रकार और पुस्तक निरमाण कर धन्यवादई होंगे।
ह० गोस्वामि हरसुखराय यं० मने० क० सना
तन धर्म्म सभा अमृतसर ॥ ५ ॥

(२२) सनातन धर्म्म सभा शैहर रावलपिंडी का अंग्रेजी प्रशंसा पत्र ॥ इसभा में ६ मास धर्म्म उपदेश किया जो १६) रूप्ये से तरकी २०) तक हुई ॥

७—मई सन १९५ ई० तसदीक किया जाता है पंडित सुखलाल " गुरु विद्या रत्न " उपदेशक श्री भारत धर्म्म महामण्डल नै इस सभाके मुतैहत्त अरसा ६ माह तक उपदेशक का कांम किया जो सिखों के मुकदस किताबों से विलकुल वाकिफ हैं उन्हों ने अपने फरायज मनसवी (डिउटी) को वफादारी से ईंजांम दिया जिस से सभाकी पूरी २ तसफी हुई जो वोह मुन्सफ ध्यानतदार मुस्तकिल अपनी काररवाई में वतौर उपदेशक में (पुरा) था वोह वहमा सिफत मौसूम आदमी है जो तावेदार और हमेशह अपने फरायज़ मनसवीको ईंजांम देने के लिये त्यारथा ॥ जिन से वोह मिला उसकी निसवत हम को नेक राय मिली सभा का एक वहुत अच्छा और कीमती उपदेशक

जाता है ॥ जिसने वहुत फयदे मंद कांम पोठोवार में अपने रिहायशके दिनों में किया है । अपनी मुलाजमत इस वजह से छोड़ता है के इसके वायदे की मुदत पुरी होलीथी ॥

भगतराम पलीडर उपल सकटरी श्री सनातन धर्म्म सभा शैहर रावलपिंडी ॥ और उक्त सभाकी मोहर ॥
द० पंडित गुलावचन्द प्रेज़ीडंट ॥ ६ ॥

(२३) सनातन धर्म्म सभा फिरोज़पुर नै इखवार सनातन धर्म्म गज़ट में प्रार्थना छपवाई ॥ मेरे दरयाफके लिये और वोह पत्र व्यवहार से १५) मासकपर उपदेशक मुकर्रर करके अपनी दिहात में परचार कराना चाहते है ॥

इखवार उड़दू सनातन धर्म्म गज़ट लहौर जिलद १० नंवर ३५ अगस्त ३० सन १९०५ ई० पृष्ठ ८ कालम २ पंक्ती २४ से २९ तक ॥ इश तफशार (प्रार्थना) पंडित सुखलाल जी जो पैहले रावलपिंडी सभा में उपदेशक थे आजकल कहां हैं । अगर किसी साहिब को उनका पता मालूम होतो इतलादें उन से खतो किताबत कीजावे । पंडित सुखलाल जी इस विद्या में वहुत माहिर हैं ।

राकम ॥ बनवारीलाल उपमन्त्री सनातन धर्म्मसभा फिरोजपुर ॥ ७ ॥

(२४) सनातन धर्म्मसभा पिशवरका वड्डू प्रशंसापत्र। श्रीमान पंडित सुखलाल जी उपदेशक रावलपिंडी धर्म्मसभा १८ सालाना जलसा पिशावर पर तसरीफ लाकर पिशावर निवासीओं को गुरुमरयादा दिखलाने के लिये उन्होंने वोह अद्भुत और पुर असर मजमून पर अैसा दिलकश व्याख्यन दिया के हाजरीन अश २ करते थे और अैसा असर उन्हों के दिलोंमें हुआ के बेशक श्रीगुरुसाहिब श्री वेद और शास्त्रों के मुआफक तलीम देकर अपना जन्मपत्रीत्र करगए हैं और उन्हों ने जोकुछ के उपदेश किया है उसपर हमलोगों का पावंदहोनाही अैन धर्म्म है । इस विषे परपंडित जी से इसवास्ते व्याख्यान दलाया गिया है कि इस विषे पर व्याख्यान का कराया जाना मनाशवहालथा ॥ सनातन धर्म्मी मेंवर और सनातन धर्म्मसभा पिशावर रावलपिंडी सभाके निहैत ममनून और मशकूर हैं के जिन्हों ने अैसे लायक लैकचरार को मुकर्ररकरके लोगों के सुधार लिये रक्खा हुआ है ॥

जीवन मल्ल ककड़ मन्त्री सनातन धर्म्मसभा पिशावर
२६—४—१९०५ मोहर उक्त सभाकी ॥ ८ ॥

(२५) सनातन धर्म्म सभा गड़ीकपूरे का भाषा में प्रशंसा पत्र ॥ इस सभा नै रजत पदक दिया है रावलपिंडी सभा के नाम से ॥

श्री मान् धर्म्म रक्षक पण्डित सुखलाल जी जो अष्ट नियम आपने लिखे थे वोह धूर्त कुछ उत्तर नहीं दे सक्के काल व्यतीत करते हैं आलेटाले करके ॥ आपकी कृपासे हमकेशरी वत्त गर्जना करते हैं धूर्त पंथी (सिंहसभा) स्यार वत्त होगए हैं धन्यवाद है आपकी बुधी को प्रमात्मा इस्से भी अधक करे जिस्से धर्म्म की जिय अधक हो ॥

धनीराम और मीरचंद मंत्री ठाकुरदास प्रेजीडंट सनातन धर्म्मसभा गड़ीकपूरा जेठ २२ सं० १९६१ वि० ॥ ९ ॥

नोट इसी प्रकार और अनेक सनातन धर्म्म सभाओं के प्रशंसा पत्र हैं यथा ॥ कुहाट ॥ गुजरखान ॥ नुशैहा पुंनुआं ॥ अजनाला ॥ राहीं ॥ नमो शैहर ॥ जमरामा ॥ गुजरा वाला ॥ गुरदापुर ॥ वहरामपुर ॥ मुकेरीआ ॥ हुस्यारपुर ॥ अटक ॥ छौनी मरदाने ॥ छौनी नुशैहरा ॥ लूंनखोर ॥

अनेकस्थानोंकी पंचायतके प्रशंसापत्र ॥

(२६) जिला जालंधर ब्यासपिंडकी पंचायत
का भाषा प्रशंसा पत्र ॥

सं० १९५८ वैशाख प्रविष्टे ७ को ब्यासपिंड में धर्म्म सभाहुई उस में सुखलाल उपदेशक ने साधु हिरादास के कहने को झूठा सावित किया ॥ इसमें जालंधर के सभ पंडित उपस्थित सी हिरादास को पत्र लिखा गिया वोहनहीं आया बड़ीभारी सभाहुई जिसमें २००० पुरुष और रहीस भीथे ॥ हरी सिंह लंबरदार इत्यादि १२ पुरुषों के
हस्ताक्षर हैं ॥ १ ॥

(२७) जिला अम्बाला तहशील खरड़ मुकांम लांड़रे की पंचायत का भाषा प्रशंसा पत्र ॥ मुकांम लांडरे में गुरु विद्या रत्न पं० सुखलाल शर्म्म उपदेशक श्री भारत धर्म्म महामण्डल रोपड़ निवासी ने धर्म्म उपदेश दो दिन वहुत अच्छा किया और नवीन सिंहों के मन कलपत मत का खण्डन कर खूब शिक्षा पहुंचाई श्रोत्रा गण परशंन हुऐ ॥ सं० १९६० वैसाख शु० ५ से ७ तक

पं० हरीनारायन मुहाना ॥ दूला सिंह लंवरदार ॥ रामजी दासादि ॥ २ ॥

(२८) जिल्ला जालंधर औड़के समीप पधानों में शास्त्रार्थ दो विषोंपर मंगलसिंह और बरयामसिंह से हुआ और दोनों विषयों की बहस के मध्यस्थ श्री मान् गुरुकुल भूषण सोढी टीका रामनारायण सिंह जी वड़ी सरकार और श्रीमान् परोपकारी भाई सम्पूर्ण सिंहजी वैद्यराज महंत गुरद्वार श्री केसगड साहिब दोनों अनन्दपूरनिवासी थे उनके पास वैहसके पत्र भेजेगये ॥ जो वोहभी सनातन धर्म्म की सच्चाईके कायल होकर और नवीनसिंहोंकी पक्ष करतेहुए अबतक फैसला नहीं देसके ॥ जो उनके पोस्टकार्ड से जाहिर है ॥

चक्क नं० २३३ वराच जजीरा लैलपुर ॥ पण्डित सुखलाल साहिब आपकी मए दीगर साहिबानोंके कृपापत्र पहुँचे हाल मालूमहुआ हम चंद याम के लिये इस जगह अपने मरब्बे (१) जात में आएहुएहैं ॥ चिट्ठी भाई सम्पूर्ण सिंह जीके नाम भी है सो थोड़े यामतक आनन्दपुर पहुँचकर आपको जवाब लिखेंगे । लेकिन् चूंकि कारोवार ज्यादा है इस लिये कुछदेरबाद जवाब इरशाल कियाजावेगा आइन्दा को कारोवार इनसूरतसे खाना बाहिद ख्याल करके याद

टिपणी (१) बुलेकी वारमें जमीन को कहते हैं ।

शाद रहे ॥ इस मजमूनका खत दीगर साहिबानों को भी लिखा गया है ॥

ता ३—मा० ९—सन् १९०० ई० ॥

टीका रामनारायण सिंह साहिब आनरेरी मजिस्ट्रेट व सिविल जज्ज अनन्दपुर जिला हुस्यारपुर ॥

इसपर ओड़ की पंचायत का फैसला जो उर्दू में प्रशंसा पत्र है औं आज के रोज व मुकाम पधानानुतशिल कमवा ओड़ पण्डित सुखलालजी साहिब व मंगल सिंह जी व वरयाम सिंह जी का आपस में शास्त्रार्थ हुआ गुरु घर में देवीका पुजन और गुरुओं के वमूजब रवाजहाल वैदिकधर्म शादीका होना मजामीन थे ॥ अव्वल मजमूनपर पण्डितजी का मंगल सिंह जीसे शास्त्रार्थ हुआ पण्डित साहिब ने उसका मण्डन दसम ग्रंथ साहिब मे कर के हाजरीन को दिखाया जिसका खण्डन मंगल सिंहजीसे नहीं हुआ ॥

दूसरे मजमूनपर वरयामसिंहजी खडेहुए (येह वोह वरयामसिंहजी हैं जिन्होंने वहुत्तसे देहात में अपनी मन घडत बातों से सनातनधर्म्मके खिलाफ जोश फैलारक्खा था और इसी वजह से बहुत दिहातके लोग बहस के सुन ने को दूर २ से आए

हुएथे और बरयामसिंह जीकी बातपर यकीन कियेहुए थे) फेरोंका देना नवग्रह पूजनको मनमानी बातोंसे खण्डन किया लेकिन जब पंडितजी खडेहुए और गुरुओंकी ११ सादीओं मेंसे तीन सादीओंका प्रमाण गुरु तवारीख से देकर फेरोंका होना और नवग्रहकी पुजन को साबित कर दिखाया और आदग्रंथसेभी इसका मण्डन किया तब हाजरीनके दिलों में ऐसा असर पैदाहुआ की यातो आमलोग बरयामसिंह जीका दम माररहे थे फिर सनातन धर्म्मपर यकीन लाकर पण्डित साहिबकी लयाकतके सना रुवाहहुए आदमीही नहीं बल्कि सैकडों मस्तूरातभी जो सुननेके लिये आई हुईथी सनातधर्म्मकी सच्चाई की कायल होगई। गो हम हिन्दूलोग कसबाऔडके पहलेसे सनातनधर्म केहामीहैं लेकिनइरदागिरददिहातकेबरयामसिंहजीकीवजह से सनातनधर्म्मछोडनेसे कुढरहेथे॥इल्ला पंडितसाहिबकीतकरीर के असरने जब उनके दिलोंको धर्मकी तरफ फेरलिया तो हम लोगों कोभी शान्ती हुई ॥ इस लिये हम लोग पण्डितजी के शुक्रगुजारहोकर येह शुकरीये की यादास्त खुशीसे देते हैं और महामण्डल व सनातनधर्म सभा रोपडकेभी हदसे

ज्यादा शुकरगुजार हैं जिन्हों ने सनातनधर्म्मकी उन्नति के लिये ऐसे २ लाशानी पण्डित उपदेशक नियत कररक्खे हैं ॥ १८ सित्तंवर सन १९०० ई०

प्रभुदयालुडिपटी सुपरिंटेंडेंट रियासत बिकानेर औड निवासी	दयालदासभल्ला बाजार चौधरी	इत्यादिक औड की पंचायत के मुखिया पुरुषों के२०हस्ताक्षरहैं

[२९] जिला हुस्यारपुर गड़ दिवाला की पंचायत का उड़दू में प्रशंसा पत्र ॥

इस जगह हिरादास और हरनांम सिंहसे शास्त्रार्थहुआ हमारे प्रार्थना पत्र से सनातन धर्म्म क्लब अमृतसरने अपना उपदेशक पंडित सुखलाल उपदेशक श्री भारत धर्म्म महा मण्डल को भेज दिया जिससे हमारे नगर वाले बहुत प्रसंन हुए पंडितजी का दो रोज ३०वा३१ दिसंवर सन् १९०२ सिंहसभा गड़ दिवाला से सास्त्रार्थ हुआ येह पंडित जी का ही कामथा के जिनकी कृपा से बहुत लोगों के दिलों में

सनातन धर्म्म की सचाई कायम हो गई ॥ सिंहलोग अपनी मन मानी गुरमरयादा को पंडितजी के सामने गुरुमरयादा साबित्त नहीं करसके गुरुसाहिबोंकेविवाहादिपर वेदक मरयादा हुई जो पंडित्त जी ने ग्रंथ साहिबादि पुस्तकों से साबित कर दिखाथा ॥ इस लिये हम गड़ दिवाला पंचायत की तरफ से पदवी देते हैं कि पंडित साहिब हमारे हिंदुओं में "गुरु विद्यारत्न है,,

मुवरखा ५ जनवरी सन १९०३ ई० ॥ लाला वसंत राय प्रेज़ीडंट मुन्सपिल कमेटी इत्यादि २० पुरुषों के दसखत हैं ॥ ४ ॥

[३०] जिला रावलपिंडी मुकाम हजरों की पंचायत का उड़दू प्रशंसा पत्र ॥

आज हज़रों ५ अपरैल सन १९०५ ई० को श्रीमान् पंडित सुखलालजी उपदेशक हजरों में आए तारीख ५।६।७ सन मजकूरको उन्हों ने धर्म्म काव्याख्या किया ॥ जिसके सुननेसे अम लोगों को बड़ाभारी लाभहुआ ॥ मानो गुरु घरमें उपदेश करने वाला कोई ऐसा पंडित होगा ॥ गुरुघर

का उपदेश करने के वास्ते एक भुजा रूपहै अगर ऐसे उप देशक पंडित हमारे मुलक में होंमें तो उमैद है लोग पाखंडों से हटकर अपने असली सनातन धर्म्म में प्रविरत होजामेंगे ॥ उपदेश करनेका उनको आला किसम का ढंग आता है जिसके सुननेसे श्रोतओंका चित्त मोहित होजाताहै ॥ हम लोग इनकी प्रशंसा करनेके काबल नहीं हैं ॥ पंडित साहिब मौसूफका केवल धन्यवादही करते हैं श्रीमान् भगत विष्णु दासजी ने उनकी बनाई हुई पुस्तक मौसूमा "नवीनासिंह शिक्षा ,, के हजरों धर्म्मशाला में कथाकरीथी जिसके सुनने से सबश्रोता जनोंका इरादा था किहम पंडित मौसूफजीका दर्शन करें और व्याख्यानसुने "सो उन्होंने आनकर हमारी दोनों कामनां पूरण करदीं,, अपरैल सन १९०९ ई ॥ संत तेजासिंह ॥ बाबा हरासिंह ॥ किष्णासिंह ॥ जीतासिंह ॥ अमीरासिंह इत्यादि २० पुरुषों कें दसखत हैं ॥ ९ ॥

" इति १० अध्याये ,,

[अध्याये ११]

नवीन सिंहों की दुरदशा।

धर्म्म पर बली दान का समाचार ॥

निमंत्रन पत्र वास्ते धर्म्म उपदेश मुकाम बछोड़ीआ से उर्दू में आया श्री धर्म्म रक्षक जनाब पंडित सुखलाल उपदेशक श्री भारत महामण्डल बाद नमस्य कारके मालूम हो कि बछोड़ीआं में २१ जेठ को सिंह सभा का जलसा है और वोह आधर्म्मका परचार करते हुए सर्वत्र ब्राह्मणों को शास्त्रार्थ लिये चैलंज देते हैं हम ब्राह्मणों की रक्षा करना आपका पर्म धर्म्म है अगर आपन आए तो धर्म्म की हानी होगी ॥ जेठ २० सं० १९६० आपका दास गंडाराम पाधा बछोड़ीआं तहशील गढ़शंकर जिला हुश्यारपुर ॥ मित्रो सिंह सभा के जलसेके एक दिन प्रिथम मेरे ल्याने वास्ते अश्व (घोड़ा) रोपड़ भेज दिया और मै समिय नियत पर पहुंचगया दो दिन उपदेशादिहुए तिसरे दिन सिंह सभा बछौड़ीआं की ओरसे नोटिस निकला ॥ जिसका खुलासा

मजमून येह है जिसको शास्त्रार्थ की इच्छाहो आजही दुपैहरसे पेस्तर करले ॥

सनातन धर्म्मीओंके साथ हम बड़ी खुसी से गए तो नवीन सिंहों की सभा (लड़ाके दल) ने जान लिया कि हमारे झूठका प्रचार होना कठनहै इसकार्ण लड़ाई का क्रोध प्रगट किया और साथही लाठी ले और टाकुए लेकर मारने को आपड़े और सुनने मे येही आवे कि रोपड़ वाले पंडित को जानसे मारदो देखाजायगा जो होगा ॥ इत्यादि नवीन सिहोंका हमला और रोपड़ वाले पंडित का जानसे मारदो शब्द सुनतेही सर्वत्र लोगों में भाजड़ पडगई मेरे सिरमें (सुखलाल उप देशक के सिरमें) टाकुआ अथवा लाठी हिरासिंह ग्रंथी अनंदपुर उपदेशक सिंहसभाने मारी चोट शख्त आई जोडाकटर साहिब के मुहलाजेसे प्रगट है ॥

हसपताल वला चौर विमारी सिरमें चोट से जखम दो ईंच लंवा और डेढ ईंच गैहरा । तारीख मुआयना १५-६ १९०३ रजीष्टर नंबर ३५११ जात हिन्दू उमर ३२ साल ॥ मित्रो उक्त प्रकार से सैंकड़ों मत मतान्त्रों के उपदेशक मर चुके हैं एक दास ही सनातन हिन्दू धर्म्म की सेवालिये जिवत

मचा है और वछौडीआंनगर निवासी बड़ेही धर्म्म के प्रेमी गऊ ब्रह्मण के रक्षक हैं उन्होंनें धर्म्म की रक्षा वास्ते जोस प्रगट किया कि दावा जरूर करना है इस कार्णे हम हुस्यारपुर पहुंचे ॥

हीरासिंह ग्रंथी उपदेशक सिंह सभाने मए साथीओंके फौजदारी दावा करने से पहले मुआफी मांगली। और मुआफीनामेका इकरारनामा आठ आने के कागज़पर लिख दिया । जो इष्टांम खरीद की नकल येह है ॥

रजीष्टर नंबर ७०२ और १९ जून सन १९०३ ई० कागज़ आठआना बनाम हीरासिंह वलद देवासिंह जात खत्री शकनह अनंदपुर उमर ६० साल मौहका बरुलवा देहने वराए इकरारनामा। ठाकुरदास अष्टांम फिरोस कचैहरी हुस्यारपुर ॥

नकल मुआफी नामा ॥

मथांके गुपालसिंह वलद उत्तमासिंह जात जट शकनह बछोईआं व हीरासिंह वलद देवासिंह जात खत्री शकनह अनंदपुरके हैं जोके मौजा वछौडीआं में जलसा हुआथा अर उस जलसे में तनाजा होगिआ और बगरज दायर करने

इस्तगासा हायके पंडित सुखलाल शाकन रोपड़ और हम हुस्यारपुर में आगए और कचैहरी हुस्यापुरमें पंचायत होकर हमारा फैसला कराद्दिया कि इस्तगासाहाय बाहमी इदालतमें दायर करने अच्छे नहीं हैं॥मुझ हिरासिंहने हाथ सुखलालका पकड़ लिया और बाहमी फैसला होकर राज़ीनामा होग्या अबहम कोई इस्तगासा इदालत में दायर नहीं करेंगे ॥ हमने पंडित सुखलाल को मुआफी से खुशकर लिया है लिहाज़ा येह इकरारनामा लिखदिया की सनदहो ॥ १९ जून सन् १९०३ मोहर माधोराम अपलिनवीस रजिष्टर नं० ८१५

गवाहशुद	अलबद	अलबद	गवाहशुद
पंडितनीलकंठ वलद मुसदीराम जातब्राह्मण शाकनहटूटो मजारा ॥ दसखतभाषा	हिरासिंह दसखतगुरमुखी ॥	गोपालसिंह दसखतउड्डू	वीरवलमल्ल वलद गुजरमल्ल जातसूद शाकनहः बहादरपुर दसखतहिंदी

(नोट) मित्रो नवीन सिंहों के ग्रंथी उपदेशकादियों में इतनी तामसी है तो साधार्ण नवीनासिंहों में करोड़ा गुणा वड़कर होनी चाहिये मगर नाक घिसाकर पंचायत के सामने मिंनतदारी करते हुओंकी बड़ी दुरदशा होती है ॥ धिक्कार अैसी वहादरी पर ॥

दुरदशा नम्बर दो।

देखो नवीन सिंहोंका गुरमुखी मामक पत्र ॥ खालसा नो जुआन वहादर अंमृतसर जिलद १ नंवर ५ और ६ फरवरी सन १९०० ई० पृष्ठ ५ कालम ३ सतर २२ से पृष्ठ ६ कालम १ सतर १८ तक॥ चिट्ठी गुरद्वारा पटना साहिव॥

सरदार समुंदसिंह जी श्री वाहिगुरू जीकी फतेहै पत्र का पौची हाल मालूम होआ जिसका उत्तर लिखाजाता है खालसाजी इह सभमनमत्त है गुरू महाराज सच्चे पातिसाह जी की आग्या चार वर्नो को अंमृत छकाने कीहै मुसल मानको रलाने की आग्या कहीं नहीं ॥ यथा ॥ "तुर्क तुर्क नीसे वचो तुर्क न किजोसिख,, इत्यादिक अंमृत छकानेकी आग्या फिर कहा है ॥ जिस मुसल्मानी से युधकीए फिर

अमृत छकाया जांदा है ॥ इस वास्ते यिहसभ मनघृतहै झूठे झगड़े ग्यानसिंहने गय लगाई है अर दित्तसिंह चाहिताहै कि सिक्खोंकी बेअदबी होवे क्यों ओह खुदरमदासीआहै अर गुरूके हुकमसे वरुध करताहै दित्तसिंह आप रमदासिआ होनेके सबब घोल मसोल करके सिक्खों की नरादरी करानी चाहुताहै पहलेतो मुसलमान सिख होताही नहीं यह सभ अंधेर पंजाब में पड़रहा है दूसरे जो मुसलमान ऐसाहीप्रेमी होतो अमृत छकाकर मजबीओं में दाखल कीया जावे लेकन चार वर्ण में उसका खान पान नहीं होसकदा ॥ अर आरतीका हटा देनाभी अथवा वतीन जगौनी सभ मनमतहै

दसखत वावा सुमेरसिंह महंत पटना साहिब ॥

(नोट) मित्रो उक्त नवीन सिंह और सिंहसभा के उतपंन करताहैं जिनको सिहोंके मान नियस्थान के महंत साहिब लेख द्वारा पंथमें दुरदशा करते हैं ॥

दुरदशा नंबर तीन

देखो अखवारखालसा नौजुयानवहादुर मासकपत्र गुरमुखी मूल्यवर्ष १।) जिल्द १ नंबर ५ फरवरी तारीख ५

सन् १९००ई० को श्रीअकालबुंगा अमृतसर के पुजारियों की ओरसे चसमानूर प्रेस श्रीअमृतसर में छपे के पृष्ठ ७ में आमलोगों की हिदायतके लिये श्रीतखत अनंदपुर की पत्र का छपीहुई है ॥ यथा ॥ श्रीयुत सिरदार सगुंद सिंहजी श्री वाहिगुरूजीकी फते आपकी पत्रका पहुंची सभहाल मालूम हूआ आपके प्रश्नोंका उत्तर दिगाजाता है पहले जो आपने बाबत मुसलमान सिंह सजने (वनने) वा आरती जगानेके लिये पूछाहै अरसिंह सभावाले जैसेकि आजकल कररहेहैं यह सभदितासिंह रमदासीआके गुटके पडनेसे हिल जुल मचगई है याने मुसलमानोको सिंह सजाउणा(बनाउणा) और आरतीकी वत्तो न जगोना यह सभ मनमत्त है जिस साल सिंहसभा लहौर में दितासिंह रमदासीयेने मुसलमानों को रलौने लिये जिकर किअयाथा कि उसवक्त लाहौर में क्याहाल हुआ हम चारों तख्तों में तो इत्तफाक होना ही था मगर खास अच्छे अच्छे ल्याकतदार सिंहसभाके मेम्बर अलहदा होगए। उस दिन थों बडी अक्ल वाले दित सिंह की तरफ हो गए अरतेज अकलवाले उससे उलट हो गए इस से जादे उमदा सबूत क्या होने सकदाहै यह सभ उस

दित सिंहकी ही मनमत है उसी दिन से मन मत के किये हुए रसम नए२ होतेजातेहैं न यह सभगुरु मत विरुद्ध है यथा शशे के सींग अविद्यासे राजा आकाश के फूलबत कदाचित् नहीं होती इसतरह मुसलमान सिख नाहीं होने सकदे और यह नहीं समझना चाहिये कि दितसिंह की मनमत से मुसलमान सिंहों में सामल हो गए हैं बलकि बहु सिंह जिन्हों ने उनो के साथ खानपान किया है हमारी कौम में से मुसलमान हो गए हैं और उनो ने अपनी आस्तीनोंमें सांप डाललियेहैं दूसरे आरती के बाबत लिखा है कि सिंह सभावाले बत्ती नहीं जगाउं दे (जलाते) यह सभ दितसिंहकी मनमत है गुरु साहवान ने खुद अपने मुखारबिंद से उच्चारण किया है यथा गगन में थाल रविचंद दीपक बने तार मंडल जनक मोती आदिक इसका अर्थ इस तरह से है गगन थाल रूप मोती से जडत है चंदनके सुगंध से चंदन होता है सूर्य का काम रोशनी करना पवन का हमेशा चौर करती है बनासपती फूल चढाती है इस ज्योती के वास्ते किया सामग्री करेगा इत्यादिक इसके अर्थ दितसिंह और उसके मतवाले यह सोच करते हैंकि धूप घी बत्ती आदिक सभ कीमत से आती है

इसलिये बंद करनी चाहिये। इसे आप सोचो कि यह मनमत नहीं तो और क्या है जब गुरु महाराज ने खुद यह जगन्नाथ के पास उच्चारण कीती थी। और गुरु महाराज खास निरगुन उपासक थे निरगुनकी आरती हमेशा निर्गुण होती है। गुरु अंगद जी ने भी सगुण पूजा निर्गुण के वास्ते भाई बाले की जबानी जन्म साखी पैडे मोखे से लिखवाई फिर गुरु अरजनदेव जी ने गुरु ग्रंथ साहिब जी की बीढ (जिल्द) बंदी और आज्ञा दई और आप खुद आरती की मरयाद करते रहे आदि तखत श्री अमृतसरजी में आज तक जारी है फिर दितसिंह और उसके उपासक मनमत से ही सभ मरयादा विरुद्ध कररहे हैं। नवा गुरुआं के मत से दसम गुरु की आज्ञा से किसी मुसलमान ने अमृत छक (भक्षन) कर नातां खान पान सिंहोंके साथ किया है और न गुरुआं का हुकम ही है इसवास्ते यह सभ मनमत के ही ढकोसले लगाये हो रहे हैं। क्योंकि आजकल पंजाब में नवे गुटके छपरहे हन जो सभ विरुद्ध हन और दितसिंह खुद प्रेस का मुखतारकार है जैसी दलील आती है अखबार गुटके छाप देता है। लेकिन सानूं आदि श्री गुरु ग्रंथ सा-

हिब भाई गुरदास जी दी वाणी अते भाई मनीसिंह व सूर्य्य प्रकाश की वाणीपर चलणा चाहिये इस से इलावा वाणी सभ विरूद्ध है लेकिन क्याकरो जबतक राजगांन तखत साहिबांन की छापे व मोहरे न लगजावें तबतक यह काम जो सिंह सभावाले कररहेहैं न झूठ पर झूठहै। इहसाडी पत्र: का सभसजनानूं सुणादेणी दिवालीदे मेलेपर ताके इनमनमतो के कामों से बचेरहे फकत। दसखत सोढीबे अंतसिंह ॥ हरीसिंह अकाल बुंगेवाला ॥ संतासिंह ॥ कृपालसिंहखजा. नची ॥ बलवंतसिंह अनंदपुरसाहिब ॥

नोट॥ मित्रो उक्त नवीन सिंह और सिंहसभा के उत्पंन्न करताहैं जिन को सिंहों के माननीय स्थान के मुखिया पुरुष लेखद्वारा पंथमें दुरदशा करते हैं।

दुरदशा नंबर ४

देखो सिंहोंका इखबार गुरमत प्रचार लहौर १ जून सन१९०२ ई० सुफा ६ सतर ३३ से ३६तक और सुफा७ सतर १ से ४ तक प्रेतकी जदआर्सी श्री हजूर अबचला नगर साहिब सचखण्ड दी यात्रानूं गएतां जिस वक्त पहले

अरदासा सुधाण लई हजूर हाजार होए । लदहोर कुरैहतादी पूछदे नाल एहभी साडे तो पुछिया गियासी "कितुसी सिंह सभी येतां नहीं„ इसपर असानैं नहीं केहाचद साडा अर दासा सोधण होया अर तखत साहिब दे अंद्रदी भकरमा करनी मिलीसी । साडेतो पहिला भाई मेंहरसिंहजी चावले लहौर निवासी देना नालवड़ी तंगी होई सी ॥ इकरार नामा लैके तनखाह (सजा) लगाके अरदासा सोधियासी

छपवाने वाला संत खाल्सा भाई अवतार सिंह वहीरीआ ॥

(नोट) मित्रो दसम गुरुजीका मुख्य स्थान के महंत सिंह सभीयों को सजा देकर कैसी दुरदशा करतेहैं ॥

नवीन सिंहोंकी दुरदशा नं० ५

इखबार सनातन धर्म्म गजट लहौर १६ अगस्त सन १९०५ ई० जिलद १ नंबर ३३ सुफा ३ कालम २ से ३ सतर २४ तक ॥ हजूर अबचला नगर साहिब की चिट्ठीजो अकाल बुंगे अमृत सरमें आई ॥

श्री वाहेगुरू जीकी फते ॥ नानक गुरू गुर्विंदसिंहजी

पूरन गुरु अवतार ॥ जगमग जोत वराज रही श्री अवचल नगर अपार रच्यो पंथ जिन खालसा लिहो सकल अवतार जगत जोत जगमात जाहिर जगत मझार तखत साहिव अब चल नगर सच खंड दरबार ॥ लिखतम हजूर साहिव सचे खंडजी दे दरवार से श्री महंत मानसिंहजी पुजारी ते पुजारी नारायण सिंहजी वा ग्रंथी हजूरा सिंहजी ग्रंथी मानासिंह जी ते आयासिंहजीते होर सर्वत्त संवूह खालसा जीने श्री वाहे गुरूजीकी फते गमाई है तुमा गजात्र नीजी ॥ यहां सुख आनंदहै आपकी सुख आनंद श्री कलगी धर जीसे हमेशह रोज चाहितेहैंजी श्री अकाल तखतके पुजारी ते होर हरमंद्र जीदे पुजारी ग्रंथी मलताना सिंह जीत्ते होर सरवत्त पुजारी ग्रंथी हरनाम सिंह जीत्ते भाई प्रताप सिंह जत्ते होर सरत्रत खालसाजी को हाल मालूम होवे ॥ जो गुरु दसों पातसाहीओंके प्रेमी शब्द बानी के नेमी वीच दिवान के पढ़ कर सुनादेना जी हजूर सचखंड दरवार मे केस गड़ साहिव वा अनंदपुर साहिव पटना साहिव जी कोभी लिखा है धर्म्म के रखने लिये जो गुरु जीके सिंह प्रेमी शब्द बानी के नेमी सो दसों पादसाहीओंको और

दसों पादसाहीओंकी वानी ग्रंथ साहिव जी को अकाल पुरुष का सरूप जानदेहैं तिनादे साथ वरताओ रखनेका गुरु जी का हुकम है ॥

जेसौ चंदा उगमें सूर्य चड़े हजार ।
एत्ते चानण हुदेआ गुर विनघोर अंधार ॥

जो निरमले साधू हैं सो खालसा जीने छेके होएहै जो सिंह सभा में भ्रमी छेके और परपंची पाखंडी चुहड़े चमार मुसलमानों नूं मिलाने वाले और दसवे पादशाही जीके गुरु ग्रंथ साहिव जीकी निंद्या करने वाले हैं ॥ या करदेहैं तिनाद साथ वरताओ नहीं रखना उनांनू खाल से जीने छेक दिया है उनादे जोड़ मेल में जाना नहीं और ना उनानूं जोड़ मेल में मिलाना ॥ जो दरवार साहिव जीके तावह गुरू दरबार हैं सारे अरदासा लिख भेजो

घर घर होए बैठेगे रामा ।
तिनते सरेन कोउ कामा ॥

सुखम लिखिआ वहुत कर जाननाजी
दसखत ॥ मान सिंह पुजारी ॥

नोट मित्रो दशम गुरु जीका मुख्य स्थान महंत और कुलीय पुरुष सिंह सभीयों को गुरु घरसे छेकते (परी त्याग करते) हुए लेख द्वारा श्री तखत अनंद पुर साहिब श्री तखत पटना साहिब श्री तखत अमृतसर साहिबमें और सर्वत्र देस दिसाओं में लेखद्वारा दुरदशा करते हैं ॥

नवीनासिंहोंकी दुरदशा नंबर ६

एक गुरमुखी इस्तहार जो अँगलो गुरमुखी प्रेसमें छपा ११ ॥ इंच लंबा ८॥ इंच चौड़ा विज्ञापन है ॥ उक्त विज्ञापन की सतर १० से १२ तक येह लेखहै ॥

किसी जवान के मिठे सिंह सभी येनें भुले में नामक रूप कुंजीसे अजब प्रकार से जंद्रा खोला है ॥ सो ३८९ सिंह सभीओंनें अपना आप ५ मुसलमानोंके साथ खानपान कर बहुत अच्छी तरहसे रोशन करलिया है काहेते तिस भुलेमें नामक किताबमें येह लिखा है दसवे पादशाह कृत श्री गुरू ग्रंथ साहिब जीकी जो बाणी है सो अपवित्र है पुनः जिलद दसम ग्रन्थ की तोड़ देनी चाहिये पुनः आदि

श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जीके बराबर मंझीपर प्रकाशना नहीं चाहिये ॥ ३ ॥ जिस सिंह सभीयेने ऐसे मंदे लफज कहेहैं उससे हम कहते हैं आदि श्री गुरू ग्रन्थ साहिब वो सेहज धारी मतोंको लेकर कियाहै सो नाम धरीक सिंह सभीयेको पूछा जाताहै कि तुमारा गुरू कौन हैं सो आदि श्री गुरूग्रन्थ साहिब जीमें तो दसम गुरूजीका नाम नहीं है और दसम गुरू ग्रन्थ साहिब जी की बाणी आपके कथना अनुसार अपवित्र है आपका धर्म्म पुस्तक कौन है पुनः गुरूकौन है इनदोनों प्रश्नोंका उत्तर लिखके प्रगट करना चाहता है ॥ मि० ४३६ नानक साही ॥

पत्र प्रचार्क
पंडित गुरमुख सिंहजी
श्री गुरमत सिधान्त प्रकाशिक
मुकाम लंमीये जगीर जिला लहौर
तहशील चूनीआं डाकखाना भाई फेरू

[नोट] मित्रो उक्त विज्ञापन प्रचार करता नवीन सिंहों पर दो प्रश्नों से साफ कहताहै कि नवीन सिंहों का न कोई गुरू है और न कोई धर्म्म ग्रंथ है ॥ ॥ इत्यादि लेखसे बड़ी दुरदसाहुई जो उक्त हुकमनामा अत्रचला नगर साहिब का निकला॥।जिससें सिंह सभीये पंथसे छेके हुएसाफ साबितहैं ॥

नवीन सिंहों से शास्त्रार्थ के नियम ॥

(१) नवीन सिंह और सिंहसभा धर्म्म ग्रंथ किन २ ग्रंथों को मानती है विस्तार पूर्वक सर्वत्रका नाम पृथक २ लिखना होगा ॥

